हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 169, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 19 दिसम्बर, 2023 दिन मंगलवार | गाजीपुर/वाराणसी

# पीएम मोदी ने काशीवासियों पर की सौगातों की बारिश

## 'जिया राजा बनारस': , प्रधानमंत्री बोले- मोदी की गारंटी वाली गाड़ी सुपरहिट हो गई



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दूसरे दिन सोमवार को बरकी में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम में महिला लाभार्थियों से वार्ता कर सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उन्हें मिल रहे लाभों के बारे में जानकारी ली। पीएम ने सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के बरकी में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित जनसभा में हमेशा की तरह लोगों को 19154.52 करोड़ की 37 विकास एवं निर्माण परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होनें 12578.91 करोड़ की 23 परियोजनाओं का लोकार्पण और 6575.61 करोड़ लागत की 14 परियोजनाओं की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी सुपरहिट हो गई। 'काशी के सब लोगन के हमार प्रणाम बा। का कहल जाला बनारस में... जिया राजा बनारस' से अपना संबोधन शुरू करते हुए उपस्थित जनता से कहा कि मुझे आपसे शिकायत है। इस बार देव दीपावली पर मैं यहां नहीं था, लेकिन आप लोगों ने इस बार रिकॉर्ड तोड़ दिया। काशीवासियों ने जो काम दिखाया है, दुनिया जब उसका गौरवगान करती है, तो सबसे ज्यादा खुशी मुझे होती है। जब काशी का विकास होता है, तो यूपी का विकास होता। जब यूपी का विकास होता है तब देश का विकास होता है। इसी भाव के साथ आज भी यहां करीब 20 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक चलता फिरता विश्वविद्यालय है। इन दो दिनों में मैंने बहुत कुछ सीखा। आज की परियोजनाओं से काशी के विकास को गति मिलेगी। मैंने लाल किले से कहा था। हमें कम से कम 15 शहरों में घूमना चाहिए। मुझे खुशी है जो पहले विदेश घूमने जाते थे वो आज अपना देश घूम रहे हैं। पर्यटन बढ़ता है तो विकास बढ़ता है। पर्यटन बढ़ने से काशी के लोगों की आय बढ़ गई है। इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। जो बाहर से आता है उसे कैसे पता होगा कि ये मलईयो का मौसम है। गोदौलिया की चाट और रामनगर की लस्सी की जानकारी भी आज काशी वेबसाइट पर मिल जाती है। आज काशी समेत सारा देश विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित भारत संकल्प यात्रा' हजारों गांवों, हजारों शहरों में पहुंच चुकी है। करोड़ों लोग इस यात्रा से जुड़ रहे हैं। इस यात्रा में जो गाड़ी चल रही है, उसको देशवासी मोदी की गारंटी वाली गाड़ी कहते हैं। आस्था और आध्यात्म के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में काशी का गौरव दिन-प्रतिदिन बुलंद होता जा रहा है।

हमारा प्रयास है कि भारत सरकार ने गरीब कल्याण की, जन-कल्याण की जो भी योजनाएं बनाई हैं, उनसे कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे। इसलिए मोदी की गारंटी वाली गाड़ी एकदम सुपरहिट हो गई है। जिन्हें योजनाओं का लाभ मिला है, उन्हें ये विश्वास हुआ है कि उनका जीवन अब और बेहतर होगा। विकसित भारत के लिए देश की नारीशक्ति, युवा शक्ति, किसान और हर गरीब का विकास होना बहुत जरुरी है।आधुनिक कनेक्टिविटी और सुंदरीकरण से क्या बदलाव आता है, ये हम काशी में देख रहे हैं। आस्था और अध्यात्म के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में काशी का गौरव दिन-प्रतिदिन बुलंद होता जा रहा है। आज बनारस रेल इंजन कारखाने में निर्मित 10 हजारवें इंजन का भी संचालन हुआ है। ये मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सशक्त करता है।

## पीएम ने दुनिया के सबसे बड़े मेडिटेशन सेंटर स्वर्वेद महामंदिर का किया लोकार्पण

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने वाराणसी दौरे के दूसरे दिन सोमवार को उमरहा में 180 फीट ऊंचे सात मंजिला स्वर्वेद महामंदिर के प्रथम तल का रिमोट से बटन दबाकर उद्घाटन कर श्रद्धालुओं एवं देशवासियों को समर्पित किया। यह मंदिर दुनिया का सबसे अनोखा मंदिर है। स्वर्वेद महामंदिर की संगमरमरी दीवारों पर स्वर्वेद के चार हजार दोहे लिखे हैं। 19 साल तक लगातार छह सौ कारीगर, दो सौ मजदूर और 15 इंजीनियर की मेहनत आज महामंदिर के पूर्ण स्वरूप में साकार हो चुकी है। स्वर्वेद महामंदिर के उद्घाटन के बाद जन सैलाब को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हर बार की तरह इस बार का भी काशी प्रवास सुखद रहा। उन्होंने कहा कि विरासत और विकास की पटरी पर आज भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। काशी में स्वर्वेद मंदिर के लोकार्पण में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर यहां 25 हजार कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। मुझे खुशी और विश्वास है कि इस महायज्ञ की हर एक आहूति से विकसित भारत का संकल्प और सशक्त होगा। उन्होने कहा कि संतों के सानिध्य में काशी के लोगों ने मिलकर विकास और नवनिर्माण के कितने ही नए कीर्तिमान गढ़े हैं। सरकार, समाज और संतगण सब साथ मिलकर काशी के कायाकल्प के लिए कार्य कर रहे हैं। आज स्वर्वेद मंदिर बनकर तैयार होना, इसी ईश्वरीय प्रेरणा का उदाहरण है। ये महामंदिर महर्षि सदाफल देव जी की शिक्षाओं और उनके उपदेशों का प्रतीक है। इस मंदिर की दिव्यता जितना आकर्षित करती है, इसकी भव्यता हमे उतना ही अचंभित भी करती है। स्वर्वेद मंदिर भारत के सामाजिक और आध्यात्मिक सामर्थ्य का एक आधुनिक प्रतीक है। इसकी दीवारों पर स्वर्वेद को बड़ी सुंदरता के साथ अंकित किया गया है। वेद, उपनिषद, रामायण, गीता और महाभारत आदि ग्रन्थों के दिव्य संदेश भी इसमें चित्रों के जरिये उकेरे गए हैं। इसलिए ये मंदिर एक तरह से अध्यात्म, इतिहास और संस्कृति का जीवंत उदाहरण है। भारत ने कभी भौतिक उन्नति को भौगोलिक विस्तार और शोषण का माध्यम नहीं बनने दिया। भौतिक प्रगति के लिए भी हमने आध्यात्मिक और मानवीय प्रतीकों की रचना की। हमने काशी जैसे जीवंत सांस्कृतिक केंद्रों का आशीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री कहा कि सरकार, समाज और संतगण, सब साथ मिलकर काशी के कायाकल्प के लिए काम कर रहे हैं। काशी का मतलब स्वच्छता और बदलाव है। पानी की बूंद-बूंद बचाना जरूरी है। वाराणसी में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि योग और खेल को जीवन का हिस्सा बनाएं। फिटनेस को जीवन का हिसा बनाएं। हम काशी के विकास के लिए काम कर रहे हैं।

## काशी की जनसभा में पीएम मोदी का सीएम योगी ने किया स्वागत, बोले- हम 2047 में देश को विकसित भारत बनाएंगे



वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वाराणसी के बरकी जनसभा में स्वागत करते हुए कहा कि ये नया भारत मोदी की गारंटी का है। देश के अंदर ये परिवर्तन विश्वास का परिवर्तन है। उन्होंने लोगों से इस विकसित भारत संकल्प यात्रा को आगे बढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि हम 2047 में भारत को विकसित भारत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशवासी नए भारत की अनुभूति कर रहे हैं। 140 करोड़ देशवासियों का विश्वास बढ़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि देश में पहली बार गरीब किसी सरकार का एजेंडा बने हैं। बिना किसी भेदभाव के। यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाभार्थियों से सीधा संवाद करने की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पहली बार देश का कोई प्रधानमंत्री समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों के साथ मिल-बैठकर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन व उसके प्रगति की जानकारी ले रहे हैं। इतना ही नहीं लोगों के हितों के लिए आगे और क्या किया जा सकता है उसकी भी चर्चा प्रधानमंत्री सीधे लोगों से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन लोगो के विश्वास का है। मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मोदी गारंटी वाली गाड़ी की चर्चा करते हुए कहा कि यह भी लोग पहली बार देख रहे हैं कि लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। सरकारी योजनाओं के प्रगति व उसे प्राप्त करने की बाबत संपूर्ण जानकारी लाभार्थियों से सीधे प्राप्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों ने पिछले नौ वर्षों में बदलते काशी को देखा है। इस दौरान उन्होंने "काशी सांसद खेल प्रतियोगिता 2023" के प्रतिभागियों के कुछ लाइव खेल कार्यक्रमों को भी देखा तथा कार्यक्रम के विजेताओं के साथ वातालर्प करते हुए उन्हें शाबाशी दिया।

## सुरक्षा चूक को लेकर संसद में विपक्ष का हंगामा, जम्मू-कश्मीर से जुड़े दो विधेयक राज्यसभा में पास



नई दिल्ली। संसद सुरक्षा चूक की घटना पर संयुक्त विपक्ष के गतिरोध के बीच राज्यसभा ने सदन में आने के 10 मिनट के भीतर जम्मू-कश्मीर पर दो अलग-अलग विधेयक पारित किए। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानद राय ने एक-एक करके जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (दूसरा संशोधन) विधेयक 2023 और केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 को विचार और पारित करने के लिए सदन में पेश किया। चूंकि विपक्ष ने इन विधेयकों पर चर्चा में हिस्सा नहीं लिया और सदन के वेल में आकर नारेबाजी की और 13 दिसंबर को लोकसभा में हुई सुरक्षा उल्लंघन की घटना पर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग की। उच्च सदन ने इन विधेयकों को बिना किसी बहस के ध्वनि मत से पारित कर दिया। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (दूसरा संशोधन) विधेयक (2023) जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम (2019) में संशोधन करना चाहता है। यह विधेयक पिछले सप्ताह लोकसभा द्वारा पारित किया गया था। यह विधेयक, यथासंभव, जम्मू और कश्मीर विधानसभा में सभी निर्वाचित सीटों में से एक-तिहाई महिलाओं के लिए आरक्षित करता है। यह आरक्षण विधानसभा में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आरक्षित सीटों पर भी लागू होगा। इस विधेयक के लागू होने के बाद होने वाली जनगणना के प्रकाशित होने के बाद आरक्षण प्रभावी होगा। जनगणना के आधार पर महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने के लिए परिसीमन किया जाएगा। आरक्षण 15 साल के लिए रहेगा। हालांकि, यह संसद द्वारा बनाए गए कानून द्वारा निर्धारित तिथि तक जारी रहेगा। महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें प्रत्येक परिसीमन के बाद घुमाई जाएंगी, जैसा कि संसद द्वारा बनाए गए कानून द्वारा निर्धारित किया जाएगा। केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 में जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का प्रावधान है।


## 31 लोकसभा सांसद पूरे सत्र के लिए निलंबित, तीन अन्य पर विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक रोक

नई दिल्ली। लोकसभा की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए सोमवार को 34 विपक्षी सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया गया। जिन सांसदों पर निलंबन की गाज गिरी है, उनमें कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, द्रमुक सांसद टीआर बालू, दयानिधि मारन और तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, लोकसभा की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए सोमवार को 34 विपक्षी सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया गया। जिन सांसदों पर निलंबन की गाज गिरी है, उनमें कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, द्रमुक सांसद टीआर बालू, दयानिधि मारन और तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय शामिल हैं। बताया गया कि जिन सांसदों पर निलंबर की गाज गिरी है, उनमें से 31 को बचे हुए शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा तीन अन्य सांसदों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट लंबित रहने तक निलंबित कर दिया गया है। इनमें के. जयकुमार, विजय वसंत और अब्दुल खालिक शामिल हैं। ये सभी नारे लगाने के लिए अध्यक्ष के आसन पर चढ़ गए थे। लोकसभा अध्यक्ष की ओर से नाम पुकारने के बाद संसदीय कार्य



मंत्री प्रल्हाद जोशी ने निलंबन के संबंध में एक प्रस्ताव पेश किया। इसे ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले गुरुवार को दोनों सदनों के 14 सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। इसमें लोकसभा के 13 और राज्यसभा के एक सांसद शामिल थे।

## 'नीतीश कुमार को पीएम कैंडिडेट घोषित करें'... दिल्ली की मीटिंग से पहले जदयू विधायक ने रखी मांग



पटना। "मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावा कोई चारा नहीं है। और कोई ऐसा चेहरा नहीं, जो इंडिया गठबंधन को जिता सके। इसलिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कल की बैठक में प्रधानमंत्री का उम्मीदवार घोषित किया जाना चाहिए।"- यह किसी आमजन की प्रतिक्रिया या मांग नहीं है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनता दल (यूनाईटेड) विधायक रिंकू सिंह ने दिल्ली में होने वाली इंडी एलायंस की बैठक से पहले यह मांग की है। सीएम नीतीश कुमार सोमवार शाम चार बजे दिल्ली रवाना हो रहे हैं। लालू प्रसाद इस बैठक के लिए दिल्ली रवाना हो चुके हैं। इस बीच जदयू विधायक ने वीडियो मैसेज के जरिए यह मांग की है। जदयू के विधायक रिंकू सिंह (वाल्मीकिनगर विधानसभा) ने सीएम नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार की घोषणा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अब यह सही समय है। इसलिए नीतीश कुमार को इंडिया गठबंधन को उम्मीदवार बनाना ही पड़ेगा। इसके सिवा दूसरा कोई चारा नहीं है। जदयू विधायक के इस बयान का असर इंडी गठबंधन की बैठक पर कितना पड़ेगा, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। विधायक रिंकू सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन को 2024 में शिकस्त देना है तो नीतीश कुमार से बेहतर उम्मीदवार इस पद के लिए इस वक्त देश में कोई दूसरा चेहरा नहीं है। जदयू विधायक की इस मांग के बाद सियासत तेज हो गई है। जदयू पहले से ही सीएम नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बता रहा है। जदयू नेताओं का मानना है कि सीएम नीतीश कुमार में प्रधानमंत्री बनने के सारे गुण हैं। यहां की जनता भी चाहती है बिहार से देश का अगला प्रधानमंत्री बने। हालांकि, सीएम नीतीश कुमार इस बात से इनकार करते है रहे हैं। वह कई बार कह चुके हैं कि उन्हें पीएम बनने की चाह नहीं है।

## जेपी नड्डा से मिलने पहुंचीं अभिनेत्री कंगना, फिर सियासी हलचल शुरू

कुल्लू/शिमला। अभिनेत्री कंगना रणौत ने राजनीति में आने और फिर सोशल मीडिया में इन्कार के बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात की। भेंट होने से एक बार फिर से सियासी हलचल हो गई है। रविवार को उन्होंने कुल्लू में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से भेंट की। इस भेंट ने राजनीति गलियारों में फिर से एक नई चर्चा शुरू कर दी है। मंडी संसदीय क्षेत्र में आने वाले कुल्लू में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और उनकी पत्नी मल्लिका नड्डा से कंगना ने मुलाकात की। मंडी संसदीय क्षेत्र के सरकाघाट में कंगना का पुश्तैनी घर भी आता है और उनका नया घर मनाली भी इसी हलके में है। मंडी सीट से पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के समर्थक उनसे यह चुनाव नहीं लड़वाना चाहते हैं। विधानसभा चुनाव से पहले अक्तूबर 2022 में कंगना रणौत ने शिमला में एक बड़ा बयान दिया था कि अगर पार्टी और हिमाचल के लोग चाहेंगे कि वह मंडी सीट से चुनाव लड़े. तो उन्हें इसमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन वह चाहेंगी कि राजनीति में संघर्षरत और काबिल लोग ही आगे आएं। उन्होंने तब कहा था कि अगर भाजपा उन्हें टिकट देगी तो वह चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहेंगी। इसके बाद हाल ही में फिल्म तेजस के फ्लॉप होने के बाद कंगना द्वारकाधीश मंदिर पहुंचीं। उन्होंने वहां



पर भी लोकसभा चुनाव लड़ने का संकेत दिया था। कंगना ने कहा था कि अगर भगवान श्रीकृष्ण की कृपा रहेगी तो वह लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। पिछले दिनों कंगना के चंडीगढ़ से भी चुनाव लड़ने की चर्चा थी, मगर उन्होंने इसे खारिज किया था। कंगना रणौत कह रही थीं कि उनके चुनाव लड़ने की चर्चा या कोई खबर अफवाह है।

## 25 साल के नौजवान के साथ माता-पिता का भी मर्डर; बिहार के मधेपुरा में तीनों की गोली मार हत्या

मधेपुरा। जो जहां दिखा, वहीं उसे गोली मार दी। महिला बेड पर ही मारी गई। उससे पहले बेटा आंगन के पास बरामदे पर और पिता उसी की दूसरी तरफ पाये के पास। पूरे परिवार को मार डालने के इरादे से आए अपराधियों के मन में न तो पुलिस का खौफ होगा और न आसपास के लोगों डर। तभी तो इस तरह फायरिंग कर जान लेते हुए कमरे तक गया और अंतिम तौर पर महिला को मारने के बाद अपराधी भाग गए। मारने वाला एक था या कई, यह अभी सामने नहीं आया है, लेकिन वारदात के बाद बिहार के मधेपुरा में भारी तनाव है। मधेपुरा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और दिवंगत शरद यादव के बीच चुनावी जंग के लिए चर्चित रहा था। फिलहाल बाहुबली से राजनीतिज्ञ बने पप्पू यादव यहां के चर्चित चेहरा हैं। घटना भराहीं ओपी क्षेत्र के शकरपुरा गांव की है। एक साथ परिवार के तीन लोगों की हत्या के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस का कहना है कि अपराधियों ने एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कर गई है। किसने और क्यों हत्या की, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल इलाके की नाकेबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

**मरने वालों की पहचान...**

सूर्य नारायण साह (50)

अनिता देवी (47) (पत्नी)



प्रद्युम्न साह ( 25) (बेटा)

बताया जा रहा है कि सूर्य नारायण शाह का अपने ही बड़े भाई रामनारायण शाह से कई वर्षों से जमीन विवाद चल रहा था। इसको लेकर दोनों पक्षों में कई बार मारपीट की घटना में हुई थी। जमीन विवाद का मामला कोर्ट में चल रहा है। स्थानीय लोग इसे जमीन विवाद से जोड़कर देख रहे हैं। मृतक सूर्यनारायण शाह को दो बेटे थे। बड़े बेटे सुशील कुमार उर्फ रमन की दो शादियां थी। उसकी पहली पत्नी इसको छोड़कर दूसरी शादी रचा ली। वहीं छोटे बेटे प्रद्युम्न की 3 शादियां थी। पति-पत्नी में अक्सर मारपीट हुआ करता था। घरेलू कलह के कारण पहली दो पत्नी इनको छोड़ कर चली गई थी। इसके बाद इन्होंने 5 माह पूर्व तीसरी शादी की थी। जिसको इन्होंने एक सप्ताह पूर्व मायके के पहुंचा दिया था। मृतक सूर्यनारायण साह की छोटी बेटी रेणु कुमारी ने बताया कि उनके पिता से उनके बड़े पापा रामनाराण साह को जमीन विवाद चल रहा था। उनके परिवार के कोई भी लोग हत्या के बाद देखने के लिए भी नहीं आए। इधर घटना की सूचना मिलते ही एसपी राजेश कुमार, एएसपी प्रवेंद्र भारती पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर तहकीकात कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने तीनों के शव को ट्रैक्टर से पोस्टमार्टम के लिए मधेपुरा सदर अस्पताल भेज दिया है।एसपी राजेश कुमार ने बताया कि हत्या के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस हत्या में कई एंगल निकलकर सामने आ रहे हैं।

## गुरु गोलवलकर विवाद में दिग्विजय सिंह को हाईकोर्ट से राहत, कार्रवाई न करने के निर्देश

भोपाल। पांच जिलों में की गई एफआईआर के संबंध में राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को हाईकोर्ट बड़ी राहत मिली है। गुरु गोलवलकर के विचारों को लेकर दिग्विजय सिंह के सोशल मीडिया फेसबुक और ट्विटर से एक पोस्ट की गई थी, जिसके संबंध में उनके विरुद्ध अनेक पुलिस थानों में भाजपा और आर.एस.एस. से जुड़े लोगों ने शिकायत की थी। उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए, 469, 505 सहित अन्य गैर जमानती धाराओं में पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस थाना तुकोगंज, इन्दौर में दर्ज पहली शिकायत को छोड़कर अन्य सभी शिकायतों को दिग्विजय सिंह की ओर से माननीय मध्य प्रदेश हाईकोर्ट, जबलपुर में चुनौती दी गई थी। दिग्विजय सिंह के वकील विभोर खण्डेलवाल ने न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की कोर्ट में पैरवी करते हुए तर्क किए कि एक ही कृत्य के लिए दो या अधिक एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती, लेकिन फिर भी शासन उनके पक्षकार के विरुद्ध दुर्भावनापूर्वक कार्रवाई की गई है। खण्डेलवाल ने उच्चतम न्यायालय के अनेक न्याय दृष्टांत प्रस्तुत करते हुए हाईकोर्ट से दिग्विजय सिंह को अंतरिम राहत दिए जाने की प्रार्थना की। अतिरिक्त महाधिवक्ता



एच.एस. रूपराह ने मध्यप्रदेश शासन की ओर से पैरवी करते हुए दिग्विजय सिंह को अंतरिम राहत दिए जाने का घोर विरोध किया। शासन की ओर से प्रकरण में उत्तर प्रस्तुत करने हेतु समय मांगा गया। दोनों पक्ष को सुनने के बाद माननीय न्यायालय ने आगामी दिनांक तक दिग्विजय सिंह के विरुद्ध पश्चातवर्ती क्रम में दर्ज किसी भी प्रकरण में कोई कार्रवाई न करने के निर्देश शासन को दिए हैं।

## संपादकीय

### दिल के जोखिम

भारतीय उपमहाद्वीप के लोगों के बारे में अक्सर कहा जाता रहा है कि वे दिल की बीमारियों की दृष्टि से ज्यादा संवेदनशील होते हैं। देश-विदेश में हुए हाल के अध्ययनों ने इस तथ्य की पुष्टि ही की है। पिछले दिनों आई एनसीआरबी की रिपोर्ट ने भी इस पर मोहर लगायी है। निस्संदेह, देश में कार्डियो वैस्कुलर डिजीज यानी सीवीडी अर्थात दिल से जुड़े रोगों से होने वाली जीवन क्षति एक गंभीर समस्या बनी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का यह आंकड़ा चिंता बढ़ाता है कि दुनिया भर में सीवीडी से होने वाली मौतों का पांचवां हिस्सा भारत से है। जो इस संकट की गंभीरता को दशार्ता है। कोरोना संकट के बाद भी देश में हृदयाघात से मरने वालों की संख्या में भी तेजी देखी गई है। वैश्विक रोगों के दबाव विषयक अध्ययन की रिपोर्ट इस संकट की हकीकत बयां कर देती है। जिसमें कहा गया कि वैश्विक स्तर पर जहां प्रति लाख जीवन क्षति का औसत 235 है, वहीं भारत में यह 272 है। दूसरी ओर एनसीआरबी आंकड़े इस संकट की तस्वीर उकेर देते हैं। जिसमें कहा गया है कि हृदयाघात से अचानक होने वाली जीवन क्षति का आंकड़ा जहां 2021 में साढ़े पचास हजार था, वह 2022 में बढ़कर साढ़े छप्पन हजार के करीब पहुंच गया। दरअसल, दिल से जुड़े रोग हमारी जीवनशैली में आए बदलावों की भी देन है। लगातार जटिल होती जीवन व कार्य परिस्थितियां व अराजक खानपान भी इस समस्या के मूल में है। हमारे जीवन में घटता शारीरिक श्रम व खानपान की गुणवत्ता में गिरावट भी समस्या बढ़ाती है। इस जटिल समस्या का एक सकारात्मक पक्ष भी है। चिकित्सा विशेषज्ञ बताते रहे हैं कि सजगता व कुछ प्रयासों से इस जीवन क्षति को टाला जा सकता है। जिसमें महत्वपूर्ण भूमिका कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन यानी सीपीआर की होती है। यदि समय रहते हृदय रोगी को सीपीआर जैसी प्राथमिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध करा दी जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है। व्यक्ति की सांस रुके या दिल की धड़कनें बंद हो रही हों, तो यह तकनीक खासी लाभप्रद साबित हो सकती है। जरूरी नहीं है कि मरीज को इसको देने के लिये तुरंत अस्पताल ले जाना हो या किसी उपकरण की जरूरत पड़े। लेकिन विडंबना यह है कि बहुत कम लोगों को इसका प्रशिक्षण दिया गया है। भारत में इस संबंध में जागरूकता भी बेहद कम है। यद्यपि कुछ चिकित्सा व सामाजिक संगठन इस बाबत लगातार जागरूकता अभियान चलाते रहते हैं, लेकिन गांव-देहात में इसका दायरा बढ़ाने की जरूरत है। विकसित देशों में सार्वजनिक स्थलों पर ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफाइब्रिलेटर्स की सुविधा उपलब्ध होती है। जिसके लिये लोगों को जागरूक व प्रशिक्षित किया जाता है। दरअसल, यह एक ऐसा उपकरण है जिसे लोग अपने साथ लेकर चल सकते हैं और सांसों को प्रवाह बाधित होने पर इलेक्ट्रिक शॉक के जरिये उसे नार्मल करने के प्रयास होते हैं। लेकिन इसके साथ ही हमें अपने खानपान, सहज व्यवहार और शारीरिक श्रम बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। योग व प्राणायाम भी इस तरह की बीमारियों को दूर करने में मददगार हैं। बहरहाल, राष्ट्रीय स्तर पर इस बाबत जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।

### है हमको फंसाया !



है और रहेगा ।
अपना ये संघर्ष ।।
भले लगे आरोप। ।
है फिर भी उत्कर्ष ।।
है हमको फंसाया ।
और हुआ उपयोग ।।
फिर भी अपने लोगों का ।
है पूरा सहयोग ।।
हैं हम पाक साफ ।
कागज है दिखाया ।।
रह गए यदि अंदर ।
उनका भी सफाया ।।
ना किया कुछ गड़बड़ ।
फिर भी लगी लगाम ।।
चला जो लंबा खेल ।
लूंगा और नाम ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# संसद में सुरक्षा चूक की घटना को महंगाई और बेरोजगारी से जोड़कर देखना गलत

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

पिछले दिनों लोकसभा की दर्शक दीर्घा से दो युवक सांसदों की मेज पर कूद गए। एक युवक ने जूते से कुछ निकाला और सदन के अंदर पीला धुआं छा गया। आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में कांग्रेस और बीजेपी आमने-सामने हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सांसद नेता राहुल गांधी से संसद में सुरक्षा चूक पर मीडिया ने सवाल पूछा। उन्होंने कहा कि सिक्योरिटी ब्रीच जरूर हुई है, लेकिन इसका सबसे बड़ा कारण बेरोजगारी और महंगाई है। मोदी जी की पॉलिसीज के कारण देश के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। राहुल के बयान के बाद बीजेपी की प्रतिक्रिया आना स्वाभाविक था।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी बीजेपी को घेरते हुए बयान दिया है कि लोकसभा में विजिटर गैलरी से कूदने वाले आरोपी बेरोजगारी की समस्या पर देश का ध्यान खींचना चाहते थे। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या इस गंभीर एवं संवेदनशील मामले में राजनीति होनी चाहिए? क्या असल में इस घटना की वजह बेरोजगारी है? जांच एजेंसियां आरोपियों से पूछताछ में जुटी हैं। उम्मीद है कुछ दिनों में सच भी सामने आ ही जाएगा। लेकिन प्रथम दृष्टया विपक्षी दल अपने बयानों से आरोपियों का बचाव करते दिखाई दे रहे हैं। वास्तव में विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं की बयानबाजी सोची समझी रणनीति का हिस्सा लगती है। आतंकी घटना को अंजाम देने वाले युवकों को बेरोजगारी से पीड़ित और कुंठित बताकर विपक्ष मोदी सरकार को घेरने की जो तैयारी कर रही है, उसकी परतें धीरे-धीरे खुलने लगी हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में विपक्ष और इंडिया गठबंधन ने बीजेपी को पराजित करने के सारे यत्न किए। लेकिन समझदार जनता ने विपक्ष की नीति और नीयत को अच्छे से पहचान कर न्याय कर दिया। हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में मतदाताओं ने कांग्रेस को जो पटखनी दी है, उसने कांग्रेस को बहुत गहरी चोट दी है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में समाजवादी पार्टी को भी काफी उम्मीदें थीं। लेकिन इस बार उसका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। ऐसे में विपक्ष और खासकर इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को यह समझ नहीं आ रहा कि, 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी का मुकाबला वो कैसे करेंगे। लोकसभा चुनाव में वो जनता के सामने क्या मुद्दा और एजेण्डा लेकर जाएंगे। असल में जन सरोकारों से दूर सत्ता पाने की बेचैनी में विपक्ष के पास मोदी सरकार को घेरने के लिए कोई बड़ा मुद्दा नहीं है। ऐसे में विपक्ष का सारा जोर इस बात पर है कि येन केन प्रकारेण मोदी सरकार की छवि को धूमिल किया जाए। किसी भी यत्न से जनता के मन में मोदी के प्रति प्यार, स्नेह और समर्थन की बजाय क्रोध और असम्मान का भाव जागृत हो जाए। संसद की घटना के चार दिनों के भीतर ही विपक्षी दलों के नेताओं के बयानों और उनके हमदर्दों के चेहरे से ये तो साफ हो गया है कि ये आतंकी मानसिकता के युवा किसी षड्यंत्रकारी ताकत के मोहरे भर हैं।



वर्ष 2014 में जब से मोदी सरकार ने देश की सत्ता संभाली हैं, तब से तमाम देशविरोधी ताकतें किसी ने किसी बहाने देश और मोदी सरकार की छवि धूमिल करने की कोशिशें करती रहती हैं। देश में एक ऐसा गैंग हैं, जिसे देश में और देश से बाहर बैठी ताकतें खाद पानी उपलब्ध कराती हैं। आंदोलनजीवी ये गैंग देश विरोधी ताकतों के इशारे पर कभी शाहीन बाग, कभी किसान आंदोलन और कभी पहलवान आंदोलन के जरिये मोदी सरकार को घेरने और देश की प्रतिष्ठा धूमिल करने का काम करते हैं। इस गैंग ने नोट बंदी, धारा 370 को हटाते समय और कोविड काल में भी देश में अराजकता फैलाने की पूरी कोशिश की। लेकिन जनता इनके बहकावे में नहीं आई। इस गैंग का मकसद किसी भी तरीके से देश में अस्थिरता और अराजकता का माहौल बनाना है। ऐसा करके वो देश के बुरे हालातों और घटनाओं को ठिकरा मोदी सरकार के सिर फोड़कर सत्ता प्राप्ति के मंसूबों में कामयाब होना चाहते हैं। इस गैंग ने देश हित में उठाये गये हर कदम का विरोध संसद से लेकर सड़क तक किया है। लेकिन जनता इस देश विरोधी गैंग के हथकंडों और प्रपंचों को अब समझने लगी है। इसलिए वो इनके झांसे में नहीं आती। हालिया विधानसभा चुनाव में जनता ने जिस विवेकशीलता का परिचय दिया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम है। संसद में हुई आतंकी घटना को बेरोजगारी से जोड़कर विपक्ष बड़ी चालाकी से युवाओं को भड़काना चाहता है। वो चाहता है कि लोकसभा चुनाव से पूर्व युवा सड़कों पर उतरकर धरना, प्रदर्शन कर सरकार का विरोध करें जिससे सरकार की छवि को ठोस पहुंचे और चुनाव में वो लोगों की नाराजगी को अपने पक्ष में भुना सकें। बेरोजगारी पिछले दस वर्षों में पैदा हुई समस्या नहीं है। देश में छह दशक तक और राज्यों में सर्वाधिक समय तक कांग्रेस की सरकारें रही हैं। कांग्रेस के कार्यकाल में बेरोजगारी से निपटने के लिए हुए कार्य सबके सामने हैं। अगर कांग्रेस ने अपने लंबे कार्यकाल में इस समस्या पर ढंग से काम किया होता तो आज बेरोजगारी की समस्या इतनी विकराल और गंभीर न होती। लेकिन जब केवल विरोध के लिए विरोध करना हो तो फिर तर्क, तथ्य और गंभीर प्रश्न नेपथ्य में चले जाते हैं। राहुल और अखिलेश यादव आज युवाओं की बेरोजगारी का राग अलाप रहे हैं, उन्हें देश को बताना चाहिए कि जब उनके दल सत्ता में थे तो उन्होंने कितनी गंभीरता से इस बारे में कदम उठाये थे। केंद्र, राज्य और सार्वजनिक उद्यमों में लगभग तीन करोड़ सरकारी कर्मचारी हैं। भारत में 70 करोड़ युवा है। सरकारी नौकरियां सिर्फ लाखों में हैं। इस जटिलता और स्थिति को समझना होगा। बेरोजगारी किसी एक व्यक्ति या परिवार की समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चिंता का विषय है। लेकिन राजनीतिक दलों को किसी भी गंभीर विषय पर तार्किक विमर्श करने की बजाय लोगों को अपने स्वार्थपूर्ति के लिए उकसाना होता है। आतंकी चरित्र के व्यक्तियों को बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दे से जोड़कर विपक्ष ने अपनी नीति और नीयत को साफ कर दिया है कि उसे बेरोजगारी से कोई लेना-देना नहीं है। उसका मकसद बेरोजगार युवाओं के कंधों पर चढ़कर सत्ता हासिल करना मात्र है। संसद के बाहर की घटना में दो लोग शामिल थे। नीलम की उम 42 वर्ष है। वे बहुत नाराज हैं क्योंकि मोदी सरकार ने बेरोजगारी बढ़ा दी है। पर 2014 तक वे क्यों बेरोजगार थीं? 32 साल की उम्र तक बेरोजगार रहने पर उसे गुस्सा नहीं आया। अनमोल की उम्र 25 साल है। लोकसभा में दर्शक दीर्घा से कूदा युवक सागर शर्मा सिर्फ 12वीं पास है। और दूसरे युवक मनोरंजन डी की उम्र 35 साल है।

# अर्थव्यवस्था के बाद अब भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण भी पहुंचा विश्व में पांचवें स्थान पर

**प्रह्लाद सबनानी**

भारत आज विश्व के कई देशों को विभिन्न क्षेत्रों में राह दिखाता नजर आ रहा है। अभी हाल ही में भारतीय शेयर (पूंजी) बाजार, नैशनल स्टॉक एक्स्चेंज, ने 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के पूंजीकरण के स्तर को पार कर लिया है। विदेशी निवेशक एवं विदेशी संस्थान जो माह सितम्बर 2023 तक भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल रहे थे, अब अचानक भारी मात्रा में भारतीय शेयर बाजार में पैसा लगा रहे हैं। आज कई बार तो एक दिन में 5000 करोड़ रुपए से भी अधिक की राशि का निवेश इन विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में किया जा रहा है।

नेशनल स्टॉक एक्स्चेंज पर लिस्टेड समस्त कम्पनियों (निफ्टी) का कुल बाजार पूंजीकरण 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर अथवा 335 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया है। पिछले 10 वर्षों के दौरान इन कम्पनियों का पूंजीकरण 17.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की संयोजित (कंपाऊंडेड) दर से बढ़ा है। भारतीय शेयर बाजार के विकास की यह रफ्तार अभी भी जारी है और कलेंडर वर्ष 2023 के अभी तक के कार्यकाल के दौरान निफ्टी पर रजिस्टर्ड कम्पनियों के पूंजीकरण, 55 लाख करोड़ रुपए (11 प्रतिशत) से बढ़ चुका है। पिछले केवल 3 माह के दौरान भारतीय कम्पनियों का निफ्टी पर पूंजीकरण 8.82 प्रतिशत की दर से बढ़ा है, जो कि विश्व के 10 सबसे बड़े शेयर बाजार में सबसे अधिक तेज गति से बढ़ा है। आज भारत विश्व के शेयर बाजार के पूंजीकरण में 3.61 प्रतिशत का योगदान कर रहा है जो जनवरी 2023 में 3.37 प्रतिशत था।

नेशनल स्टॉक एक्स्चेंज पर लिस्टेड समस्त कम्पनियों के कुल बाजार पूंजीकरण का स्तर 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर जुलाई 2017 में पहुंचा था और लगभग 4 वर्ष पश्चात अर्थात मई 2021 में 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया था तथा केवल लगभग 2.5 वर्ष पश्चात अर्थात दिसम्बर 2023 में यह 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को भी पार कर गया है। भारत शेयर बाजार पूंजीकरण के मामले में आज पूरे विश्व में पांचवें स्थान पर आ गया है। प्रथम स्थान पर अमेरिकी शेयर बाजार है, जिसका पूंजीकरण 47.78 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पूरे विश्व में अमेरिकी शेयर बाजार का योगदान, शेयर के पूंजीकरण के मामले में, 44.74 प्रतिशत है और अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद का अमेरिकी शेयर बाजार का पूंजीकरण 188 प्रतिशत है। द्वितीय स्थान पर चीन का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 9.73 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। इस वर्ष 2023 में चीन के शेयर बाजार ने अपने निवेशकों को रिणात्मक प्रतिफल दिए हैं। पूरे विश्व में चीन के शेयर बाजार का योगदान 9.12 प्रतिशत है और चीन के सकल घरेलू उत्पाद का चीनी शेयर बाजार का पूंजीकरण केवल 54 प्रतिशत है। तीसरे स्थान पर जापान का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 6.02 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पूरे विश्व में जापान के शेयर बाजार का योगदान 5.64 प्रतिशत है और जापान के सकल घरेलू उत्पाद का जापान के शेयर बाजार का पूंजीकरण 142 प्रतिशत है। चौथे स्थान पर हांगकांग का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 4.78 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पूरे विश्व में हांगकांग के शेयर बाजार का योगदान 4.48 प्रतिशत है और हांगकांग के सकल घरेलू उत्पाद का हांगकांग शेयर बाजार का पूंजीकरण 1329 प्रतिशत है। जबकि भारत, फ्रान्स एवं ब्रिटेन के शेयर बाजार को पछाड़कर पांचवे स्थान पर आ गया है। आज भारत के शेयर बाजार का पूंजीकरण 4.10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पूरे विश्व में भारत के शेयर बाजार का योगदान 3.61 प्रतिशत है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद का भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण 114 प्रतिशत है। जिस तेज गति से भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे बढ़ रहा है, अब ऐसी उम्मीद की जा रही है कि शीघ्र ही भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण हांगकांग शेयर बाजार के पूंजीकरण को पीछे छोड़ते हुए पूरे विश्व में चौथे स्थान पर आ जाएगा। केंद्र सरकार पर विपक्षी दलों द्वारा कई बार यह आरोप लगाया जाता है कि भारत में सरकारी उपक्रमों को समाप्त किया जा रहा है। जबकि पिछले 27 माह के खंडकाल के दौरान सरकारी उपक्रमों का पूंजीकरण शेयर बाजार में दुगना होकर 46.40 लाख करोड़ रुपए का हो गया है। सरकारी उपक्रमों ने अपने बाजार पूंजीकरण में इस अवधि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज की है। बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज का सेन्सेक्स पिछले 27 माह में 60,000 के स्तर से 70,000 के स्तर को पार कर गया है। इन सरकारी उपक्रमों के कोरपोरेट गवर्नन्स में भारी सुधार हुआ है, जिसके चलते न केवल विदेशी निवेशकों का बल्कि भारत के संस्थागत निवेशकों एवं खुदरा निवेशकों का भी विश्वास इन सरकारी उपक्रमों पर बढ़ा है। केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लगातार लागू किए जा रहे विभिन्न सुधार कार्यक्रमों के चलते विदेशी संस्थागत निवेशक, विदेशी खुदरा निवेशक एवं विदेशों में निवास कर रहे भारतीय मूल के नागरिक भी भारतीय कम्पनियों में भारी मात्रा में शेयर बाजार के माध्यम से निवेश कर रहे हैं। हालांकि हाल ही के समय में भारतीय कम्पनियों की लाभप्रदता में भी अतुलनीय वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है जिससे इन कम्पनियों के विभिन वित्तीय रेशीओ बहुत आकर्षक बन गए हैं। जबकि चीन, हांगकांग, जर्मनी, जापान जैसे शेयर बाजार अपने निवेशकों को रिणात्मक अथवा बहुत कम रिटर्न दे पा रहे हैं। कई विदेशी संस्थान निवेशक तो चीन, हांगकांग आदि देशों से अपना पूंजी निवेश निकालकर भारतीय शेयर बाजार में कर रहे हैं। इससे आगे आने वाले समय में भी भारतीय शेयर बाजार में वृद्धि दर आकर्षक बनी रहेगी, इसकी भरपूर सम्भावना व्यक्त की जा रही है। ऐसा कहा जाता है कि शेयर बाजार में निवेशक अपनी जमापूंजी का निवेश बहुत सोच विचार कर करता है एवं जब निवेशकों को यह आभास होने लगता है कि अमुक कम्पनी का भविष्य बहुत उज्जवल है एवं निवेशक द्वारा किए गए निवेश पर प्रतिफल अधिकतम रहने की सम्भावना है, तभी निवेशक अपनी जमापूंजी को शेयर बाजार में उस अमुक कम्पनी में निवेश करते है। इस प्रकार, जब किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर निवेशकों का भरोसा बढ़ता हुआ दिखाई देता है तो विशेष रूप से विदेशी निवेशक एवं विदेशी निवेशक संस्थान उस देश में विभिन्न कम्पनियों के शेयर में अपनी निवेश बढ़ाते हैं। चूंकि विदेशी संस्थानों को आगे आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था पर एवं भारतीय कम्पनियों की विकास यात्रा पर भरपूर भरोसा है अतः भारतीय शेयर बाजार में निवेश भी रफ्तार पकड़ रहा है।

# आखिर इतनी आसानी से भाजपा हाईकमान का निर्णय कैसे मान गयीं वसुंधरा राजे?

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान में भाजपा विधायक दल के नेता के पद पर पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा का चयन हो चुका है। भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री पद की व जयपुर राजघराने की दीया कुमारी तथा डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कर ली है। इसके साथ ही राजस्थान में विधिवत रूप से भाजपा की सरकार काम करने लग गयी है। भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए भी अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी का नाम तय कर दिया है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनका भी विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए चयन हो जाएगा। राजस्थान में भाजपा के 115 विधायक जीत कर आए हैं। इसके साथ ही कई निर्दलीय विधायकों ने भी भाजपा को समर्थन देने के संकेत दिए हैं। ऐसे में भाजपा के नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पांच साल तक सरकार चलाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होने वाली है।

भजनलाल शर्मा के नेता पद के चुनाव से पहले राजनीतिक विश्लेषक आशंका जता रहे थे कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे खुद के अलावा किसी अन्य के नाम पर सहमत नहीं होंगी। विधानसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद से ही वसुंधरा राजे द्वारा अपने आवास पर विधायकों को बुलाकर लगातार शक्ति प्रदर्शन भी किया गया था। मगर जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर्यवेक्षक बनकर जयपुर आए तो उन्होंने मात्र दो घंटों में ही भजनलाल शर्मा को अगला मुख्यमंत्री घोषित कर वसुंधरा राजे के पूरे खेल को ही बिगाड़ कर रख दिया था। इतना ही नहीं भजनलाल के नाम का प्रस्ताव भी वसुंधरा राजे से ही करवाया गया था। विधायक दल की बैठक के दौरान राजनाथ सिंह ने अपनी जेब से एक पर्ची निकालकर वसुंधरा को दी थी। जिस पर भजनलाल शर्मा का नाम लिखा था। राजनाथ सिंह द्वारा दी गयी पर्ची पर लिखे नाम को पढ़कर एक बार तो वसुंधरा सकपका गयी थीं। मगर बाद में उन्होने भजनलाल के नाम का प्रस्ताव कर दिया था।

लोगों का कहना है कि नेता पद के चयन से पहले वसुंधरा राजे व उनके समर्थक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व विधायक भवानीसिंह राजावत, प्रहलाद गुंजल जैसे कई नेता व विधायक लगातार कह रहे थे कि वसुंधरा राजे जैसी अनुभवी को ही प्रदेश में तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। प्रदेश की खराब वित्तीय स्थिति का सामना वसुंधरा राजे जैसी अनुभवी नेता ही कर सकती हैं। उनको दो बार सरकार चलाने का अनुभव है। वह पूरे प्रदेश से अच्छी तरह वाकिफ हैं। मगर वसुंधरा राजे के किसी भी समर्थक की एक भी नहीं सुनी गई और भजनलाल के नाम की घोषणा हो गई।

राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि जब जयपुर में वसुंधरा राजे विधायकों के साथ शक्ति प्रदर्शन कर रही थीं। तब उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह पर भी जयपुर के एक होटल में कुछ विधायकों की बाड़ेबंदी करने की खबरें आई थीं। तब भाजपा आलाकमान सतर्क हो गया और वसुंधरा राजे को दिल्ली बुलाया गया। दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व गृहमंत्री अमित शाह ने वसुंधरा राजे को दो टूक शब्दों में समझा दिया था कि इस बार उनको मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा रहा है। पार्टी नए लोगों को आगे करेगी ऐसे में आपको पार्टी का साथ देना चाहिए। चर्चा है कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा व अमित शाह ने वसुंधरा राजे को कड़ाई से कह दिया था कि वह एक लंबी राजनीतिक पारी खेल चुकी हैं। इसलिए अब उनको विश्राम करना चाहिए। यदि वह पार्टी के निर्णय के साथ रहेंगी तो उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह को पार्टी में आगे बढ़ाया जाएगा। चर्चा है कि अपने पुत्र दुष्यंत सिंह जो झालावाड़ सीट से चौथी बार सांसद हैं, उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर वसुंधरा राजे ने पार्टी आलाकमान के निर्णय के साथ रहने में ही अपनी भलाई समझी और उन्होंने चुपचाप पार्टी के निदेर्शों का पालन किया। वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह चार बार के सांसद हैं तथा आगे उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री बनाए जाने की भी संभावना व्यक्त की जा रही है। बहरहाल वसुंधरा राजे ने तो अपने पुत्र के मोह में पार्टी नेतृत्व के समक्ष हथियार डाल दिए हैं। मगर उनको मुख्यमंत्री बनाने की मांग को लेकर बारां अंता के विधायक कंवरलाल मीणा, कालीचरण सर्राफ, प्रताप सिंह सिंघवी, बहादुर सिंह कोली जैसे लोग खुलकर सामने आ चुके हैं। इससे उनकी छवि जरूर पार्टी नेतृत्व के सामने दागदार हुई है। हो सकता है आने वाले समय में उन्हें पार्टी द्वारा सरकार या संगठन में कोई जिम्मेदारी भी नहीं दी जाए। पार्टी आलाकमान के निर्देश पर ही वसुंधरा राजे भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री पद का कार्यभार ग्रहण करते समय सचिवालय जाकर उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद देते हुए फोटो भी खिंचवा कर आईं और ऑल इस वेल का सन्देश देने का प्रयास किया। वसुंधरा इतना सब अपने पुत्र कि खातिर ही कर रही हैं। वरना उनकी विद्रोही छवि व लड़ाकू स्वभाव से हर कोई वाफिक है। अब पार्टी ने भी उनके स्थान पर राजपूत नेता के तौर पर जयपुर राजघराने की दीया कुमारी को उपमुख्यमंत्री बना कर प्रदेश की राजनीति में आगे बढ़ा दिया है। दीया कुमारी उनकी तरह बड़े राजपरिवार की बेटी के साथ महिला भी हैं। दीया कुमारी राजसमंद से सांसद व दूसरी बार विधायक बनी हैं। उन्होंने विद्याधर नगर सीट पर राजस्थान में सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। दूसरा उपमुख्यमंत्री अनुसूचित जाति के डॉ. प्रेमचंद बैरवा को बनाया गया हैं। जो वसुंधरा गुट के माने जाते थे। मगर अब बैरवा सरकार में शामिल हो गये हैं। इसी तरह अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर वसुंधरा के साथ रहने वाले विधायक भी अब एक-एक कर खिसकने लगे हैं। वसुंधरा राजे स्वयं इस समय पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। भाजपा में जिस तरह से आलाकमान प्रभावी है। उसको देखकर नहीं लगता है कि वसुंधरा राजे को आगे चलकर पार्टी में कोई और अधिक बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी। मौजूदा संकेतों से तो वसुंधरा राजे का राजनीतिक भविष्य गुमनामी की ओर ही जाता दिख रहा है। उनके कई समर्थकों का इस बार टिकट भी काट दिया गया। मौजूदा हालात को देखकर तो लगता है कि आने वाले समय में वसुंधरा राजे के अन्य समर्थकों को भी पार्टी में प्रभावहीन कर दिया जाये तो किसी को आश्चर्य नहीं होगा। बहरहाल, राजस्थान में जहां हर बार सरकार बदलने की परंपरा इस बार भी कायम रही है। वहीं एक बार वसुंधरा राजे, एक बार अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री बनने का सिलसिला टूट गया है। भाजपा ने वसुंधरा राजे के स्थान पर भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनकर पुरानी परंपराओं को समाप्त कर प्रदेश में एक नई राजनीति की शुरूआत की है। यह कितनी सफल रहेगी इसका पता तो आने वाले समय में ही चल पाएगा।

# सत्य की हुई जीत विकास में रोड़ा बनाने वालों की हुई हर : पंकज सिंह चंचल



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला पंचायत सदस्य के चुनाव को लेकर शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत ने अंजना सिंह की याचिका को खारिज कर दिया है। इस फैसले के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह के खेमे में खुशी का ठिकाना न रहा। सोमवार को जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज सिंह चंचल को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर आयोजित प्रेसवार्ता में पंकज सिंह ने कहा कि हमे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था सत्य की जीत हुई है। जिले के विकास में रोड़ा बनने वालों की हार हुई है। उन्होने कहा कि अध्यक्ष का शपथ लेते ही सपना सिंह ने जिले के विकास के लिए अथक प्रयास किया है। विकास कार्य तथा सबको एक साथ लेकर चलने के स्वभाव की वजह से आज विपक्षी भी अध्यक्ष का गुणगान करते हैं, लेकिन कुछ अपनों को ही जिले का विकास पसंद नही है इसलिए तरह-तरह का साजिश रचते रहते हैं। हमें किसी के साजिश का परवाह भी नही है हम ईश्वर पर हमेशा विश्वास करते हैं। भारतीय जनता पार्टी मेरे साथ है और हर परीक्षा में हमारी जीत होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत के वरिष्ठ सदस्य फेकू गांधी, सुनील यादव, महेश यादव, रणजीत यादव, आलोक कुमार, देवेंद्र यादव, शिवपूजन उर्फ पांचू यादव, आनंद यादव, समाजसेवी शम्मी सिंह, मोहित श्रीवास्तव, शैलेंद्र सिंह, बाबी सिंह, प्रांशु राय आदि लोग उपस्थित थे। जबकि इस विषय पर पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह ने बताया कि इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करूंगा।

## कमीशन न बढ़ने पर करेंगे कोटेदार हड़ताल

जौनपुर। आल इंडियन फेयर प्राइस शाप डीलर्स फेडरेशन के जिलाध्यक्ष हरसू सिंह के नेतृत्व में कोटेदार संघ ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र सौंपा। जिलाधिकारी के अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट ने ज्ञापन प्राप्त किया। पत्रक के माध्यम से यह मांग की गई की कोटेदार शासन के मंशानुरूप राशन वितरण करते है, साथ ही कोरोना कॉल में प्रधानमंत्री अन्न योजना व राष्ट्रीय खाद अधिनियम के तहत निरूशुल्क वितरण करते रहे। कोटेदार अपने व अपने परिवार के जीवन की परवाह न करते हुए ई पाश मशीन से ईमानदारी के साथ वितरण किया। जिसकी सराहना पूरे भारत में की गई। जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार को प्रशस्ति पत्र भी दिया है। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश के कोटेदारों को 90 रू0 प्रति कुंतल मिलता है जबकि अन्य प्रदेशों में जैसे हरियाणा, गोवा, केरल में 200 रू0 महाराष्ट्र में 150 रू0 राजस्थान में 125 रुपया तथा गुजरात में बीस हजार मानदेय दिया जाता है। इसलिए उत्तर प्रदेश के कोटेदारों को भी अन्य प्रदेशों की भांति लाभांश देने की कृपा करे। जिससे इस मंहगाई में कोटेदारों का भी भरण पोषण सुचारू रूप से हो सके। मांग पूरी न होने की स्थिति में आगामी एक जनवरी से देश के सभी कोटेदार सामूहिक रूप से वितरण बंद कर हड़ताल पर चले जायेंगे। ज्ञापन देने वालों में राजेश तिवारी प्रदेश अध्यक्ष, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष दया शंकर निगम, पद्माकर उपाध्याय महासचिव, गुलाब अग्रहरी, पंकज सिंह, समीउल्लाह सहित तमाम कोटेदार उपस्थिति रहे।

## सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

जौनपुर। जिले के लाइन बाजार थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानो पर हुई सड़क दुर्घटनाओ में दो बाइक सवार युवक असमय काल के गाल गाल में समा गये। जबकि एक दुर्घटना में महिला की हालत गम्भीर बनी हुई है।बताते है कि जौनपुर आजमगढ़ मार्ग पर पंचहटिया बाजार के चैराहे पर मोटरसाइकिल सवार 40 वर्षीय श्याम कुमार यादव एवं उसकी 38 वर्षीया पत्नी रागिनी यादव जा रहे थे कि उनके ऊपर टैम्पो पलट गया और दोननो गिर गये। श्याम कुमार यादव की तो मौक पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी गम्भीर रूप घायल हो गई है और अस्पताल में जीवन मौत से जूझ रही है।

## टोल प्लाजा के खिलाफ आधा दर्जन किसान यूनियन के नेता बैठे धरने पर



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। भारतीय किसान यूनियन के द्वारा वनस्थली महाविद्यालय के पास वाराणसी शक्ति नगर मार्ग SH5A पर लगे अस्थाई अवैध टोल प्लाजा को हटाने व अन्य मांगो को लेकर किसानों द्वारा दिन रात धरना शांति पूर्वक चल रहा है। बांधों से नल जल योजना के वास्ते लिए गए पानी को सिंचाई के लिए अन्य स्रोतों से बांधों को भरने समेत अन्य मांगों को लेकर किसान धरना पर बैठे हुए है, आज दिनांक 18/12/2023 को धरना के 34 वे दिन रामसूरत सिंह पूर्वांचल सदस्य की अध्यक्षता मे चल रहा हैं, जिसमें निम्न लोग उपस्थित रहे सिद्धनाथ सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी जिला अध्यक्ष, पंचम सिंह जिला सचिव, चौधरी रमेश सिंह अन्नदाता मंच, अमरनाथ, रामराज, दीप नारायण नंदलाल भारती, अवधेश कुमार, गौतम सिंह यादव, बबलू सोनकर, व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मन को भी स्वस्थ करता है योग: कुलपति

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित महिला छात्रावास में छात्रावासियों के लिए योग, प्राणायाम एवं मेडिटेशन का अभ्यास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य योग प्रशिक्षक जय सिंह ने विद्यार्थियों को योग, प्राणायाम एवं मेडिटेशन से होने वाले लाभ के बारे में बताया और अभ्यास कराया। जयसिंह ने विद्यार्थियों को कई सारे योग साथ ही जीवन में कैसे खुश रह सकते हैं, के बारे में कुछ टिप्स दिए। उन्होंने मुख्य रूप से वार्मअप, कटिचक्र आसन, हस्तपात, उत्कटासन, मलासन, तितली आसन, जॉइन्ट रोटेशन, बॉडी स्ट्रेचिंग, प्राणायाम एवं ध्यान कराया। इस अवसर पर कुलपति प्रो वंदना सिंह ने कहा कि योग शरीर के साथ मन को भी स्वस्थ करता है।

## गाली गलौज तथा धमकी से संबंधित 3 अभियुक्त चढ़े थाना कासिमाबाद पुलिस के हत्थे

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद गाजीपुर के द्वारा अपराध के रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध चलायें जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्यवेक्षण में रविवार को मुख्तार यादव राजस्व निरीक्षक घरिहां तहसील कासिमाबाद जनपद गाजीपुर द्वारा ग्राम दुधौडा में उपजिलाधिकारी कासिमाबाद के न्यायालय से पारित आदेश दिनांक 06 अक्टूबर 2023 के अनुपालन में धारा 24 उ0प्र0 रा0सं0 के तहत ग्राम दुधौडा में आराजी सं 630 रकबा 2.072 हे0के की नापी व पत्थर गडी राजस्व व पुलिस टीम द्वारा कराये जाने के दौरान अभियुक्तगण द्वारा गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए कार्य सरकार मे अवरोध उत्पन्न किया गया। जिसके सम्बन्ध में वादी राजस्व निरीक्षक मुख्तार यादव द्वारा तहरीर प्राप्त हुआ। तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 325/2023 धारा 353/504/506 भादवि बनाम आलोक सिंह पुत्र स्व0 महेन्द्र सिंह, अर्जुन राजभर पुत्र राजेन्द्र राजभर, श्याम सुन्दर राजभर पुत्र दुर्जन राजभर निवासी गण दुधौडा थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। सोमवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय व तहसील कासिमाबाद परिसर में अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा अपने विरुद्ध पंजीकृत मुकदमे को लेकर हुडदंगई तथा कार्य सरकार में बाधा उत्पन्न किया जा रहा था। जिसकी सूचना प्राप्त होने प्रभारी निरीक्षक कासिमाबाद द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए व उप निरीक्षक रविप्रकाश व पुलिस टीम द्वारा तहसील परिसर में पहुंचकर अभियुक्तगण उपरोक्त को तहसील कासिमाबाद परिसर से समय 12.10 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरुध्द विधि सम्मत कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होने हेतु रवाना किया गया।

# काशी के 'मिनी तमिलनाडु' का तमिल छात्र समूहों ने किया भ्रमण



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशी तमिल संगमम-2 के द्वितीय दिन तमिलनाडु से आया छात्रों के समूह "गंगा" हनुमान घाट पहुंचा जहां सभी ने गंगा में स्नान कर मां का पूजा पाठ करते हुए सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा वहीं मौजूद आचार्यों ने विस्तार से गंगा के विभिन्न घाटों के इतिहास को बताया` गंगा स्नान के बाद सभी मेहमानों ने घाट पर स्थित प्राचीन मंदिरों में दर्शन-पूजन किया` सभी मेहमानों को मंदिरों के इतिहास दिव्यता और भव्यता के बारे में जानकारी दी गई इसके उपरांत तमिल मेहमान हनुमान घाट स्थित सुब्रह्मण्य भारती के घर गए वहां उनके परिवार के सदस्यों से उन्होंने मुलाकात की` छात्रों का दल में काफी कुछ जाने की जिज्ञासा दिखी उन्होंने सुब्रह्मण्य भारती के घर के समीप पुस्तकालय का भी भ्रमण किया और काफी कुछ वहां के बारे में जानकारी भी प्राप्त की` सुब्रमण्यम भारतीय के घर भ्रमण करने के उपरांत छात्र दल कांची मठ पहुंचा और वहां के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की काशी में दक्षिण भारतीय मंदिर को देखकर युवाओं का दल उत्साहित दिखा` पं वेंकट रमण घनपाठी का कहना है कि काशी और तमिलनाडु से गहरा रिश्ता है और ये समागम महज एक पखवाड़े का नही सदियों पुराना है` काशी के हनुमान घाट, केदारघाट, हरिश्चंद्र घाट पर मिनी तमिलनाडु बसता है` जहां एक दो नहीं बल्कि दक्षिण भारत के अलग-अलग राज्यों के हजारों परिवार बसते हैं जो इन दोनों राज्यों के मधुर रिश्ते को दशार्ते हैं केवल हनुमान घाट पर 150 से अधिक घर तमिल परिवारों के हैं जिनकी गलियों में हर दिन काशी तमिल संगमम होता है।

## शादियाबाद पुलिस ने किया छेड़खानी व छिनैती में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देश पर अपराध एंव अपराधियों व वांछित अभियुक्त गण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी भुड़कुडा के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष के द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर उ0नि0 सत्येन्द्र कुमार यादव मय हमराह के धारा 354(क) 1(i)/354ख/457/506 भादवि में वांछित अभियुक्त सत्यप्रकाश उर्फ टोनी पुत्र कृपाशंकर निवासी ग्राम चौरा थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर को सोमवार समय 11.40 बजे अम्बेडकर मोड़ हंसराजपुर से गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार यादव, महेन्द्र कुमार, कांस्टेबल जानसन थाना शादियाबाद गाजीपुर शामिल रहे।

## सनबीम सनसिटी ने जीता सनबीम ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट 2023



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अंतर विद्यालीय क्रिकेट टूनामेंट 2023- सनबीम ट्रॉफी के चौथे एवं आखिरी दिन सनबीम सनसिटी एवं सनबीम मुगलसराय के बीच फाइनल मैच खेला गया इस मैच में सनबीम सनसिटी ने 25 ओवर में 6 विकेट खोकर 182 रन बनाए` सनबीम मुगलसराय ने बाद में बल्लेबाजी की और मेजबान टीम को कड़ी टक्कर दी मुगलसराय 10 विकेट खोकर 25 ओवर में 156 रन ही बना पाई। सनसिटी ने इसी के साथ फाइनल जीत कर सनबीम ट्रॉफी अपने नाम कर ली` मैन ऑफ द मैच का खिताब सचिन शेखर को मिला जिसने 40 रन बना कर 2 विकेट झटके, सर्वश्रेष्ठ अनुशासित स्कूल की ट्रॉफी सनबीम लहरतारा को मिला मैन ऑफ द मैच (सेमीफाइनल) का पुरस्कार मुगलसराय के अयाश सिंह को मिला` अयाश सिंह को टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज एवं जीत कुमार पटेल को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के खिताब से सम्मानित किया गया। सनबीम समूह के अध्यक्ष डॉ. दीपक मधोक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया इस अवसर पर सीओओ सनबीम समूह आशीष राय ने धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रतिभागी विद्यालयों के खिलाड़ी, शिक्षक, छात्र एवं स्टाफ मौजूद थे।

# सतत विकास से ही राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया जा सकता है : महामहिम लक्ष्मण आचार्य



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में स्थित सेमिनार काम्प्लेक्स में 18 दिसम्बर सोमवार को Science Society and Sustainable Development विषयक अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का उद्घाटन डा. इन्द्रा खुराना (कनाडा), प्रो. प्रत्यूष वत्सला (दिल्ली विश्वविद्यालय), पद्मश्री राजेश्वर आचार्य, प्रो. जगदीश राय,आई आई टी प्रोफेसर (पूर्व कुलपति) प्रो. पी.के. मिश्र, (पूर्व कुलपति) प्रो.राम नारायण द्ववेदी, (महामंत्री काशी विद्वत परिषद) प्रो. ए.के.जोशी, (पूर्व संकायाध्यक्ष समाज विज्ञान संकाय), डा. सुनील कुमार मिश्र, (दिल्ली विश्वविद्यालय) वीरभद्र (सचिव दिवि वेलफेयर) श्रतुराज संयुक्त रूप से किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन इन्टरनेशनल एकेडमी आफ बिजनेस, अमेरिका, दिवि फाउंडेशन, लक्ष्मीबाई कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है` कार्यक्रम का प्रारंभ दीपप्रज्वलन व गणेश वन्दना से किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सिक्किम के राज्यपाल महामहिम लक्षण आचार्य ने वीडियो आनलाईन द्वारा कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए, कहा कि संपूर्ण विश्व को अपने आध्यात्मिक व शैक्षिक अवदान से सिंचित करने वाली बाबा विश्वनाथ व मां गंगा की नगरी काशी आदिकाल से ही शिक्षा के उत्कृष्ट मानकों के साथ विमर्श के नित नवीन आयाम स्थापित करती रही है यह वही पवित्र भूमि है जहां बाबा तुलसी,पूज्य कबीर व संत रविदास ने सामाजिक जड़ता की बेड़ियों पर सतत प्रहार किया जिससे समाज में उत्कृष्ट मानवतावादी दर्शन का विकास हो सका` मैं आयोजन समिति के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय से पधारी प्रो. प्रत्यूष वत्सला ने समाज में मानवीय संवेदना के साथ ही सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है जीवात्मा व परमात्मा के मध्य अंश को समझना होगा भारत ने जी -20 के आयोजन से इसे समेकित दृष्टि से प्रदान किया है। पद्मश्री राजेश्वर आचार्य विज्ञान के मूल विषय पर विचार व्यक्त करते हुए मानवीय चेतना व भारतीय ज्ञान परंपरा पर विस्तार से प्रकाश डाला, बनारसी जीवन पद्धति के सांस्कृतिक विषयों पर प्रकाश डाला` उक्त वक्ताओं के साथ ही प्रो.अरविंद जोशी ,प्रो. रामनारायण द्विवेदी प्रो.रत्न शंकर मिश्र ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अवसर पर पं सचिन मिश्र,मोहिनी झंवर , डा. सुबोध को सम्मानित किया गया` विषय स्थापना प्रो.जगदीश राय (पूर्व कुलपति) स्वागत भाषण डा. सुनील कुमार मिश्र,धन्यवाद ज्ञापन डा. रत्न शंकर मिश्र व अद्भुत संचालन डा.स्वाती एस मिश्र द्वारा किया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दृष्टिगत सिटी पब्लिक स्कूल के बच्चों को सिखाया गया यातायात अनुशासन का पाठ तथा यातायात नियमों का पालन करने की दिलाई गयी शपथ



प्रखर संतकबीरनगर। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी यातायात केशवनाथ व प्रभारी यातायात परमहंस द्वारा सिटी पब्लिक स्कूल, खलीलाबाद के बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए जैसे सीट बेल्ट/हेलमेट पहनना, ओवरस्पीडिंग न करना, रेड लाइट जम्पिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन /एयर फोन का प्रयोग नहीं करना, नशे की हालत में वाहन न चलाने आदि के संबंध में जागरूक किया गया तथा शपथ दिलाई गयी । क्षेत्राधिकारी यातायात महोदय द्वारा सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने हेतु लोगों से अपील किया गया की वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की गयी।

## साइबर ठगी के पीड़ित के बैंक खाते में साइबर सेल मेंहदावल द्वारा वापस कराये गए ठगी के 11999.9/- रु0



प्रखर संतकबीरनगर। वर्तमान परिवेश में तेजी से बढ रहे साइबर अपराध के रोकथाम के क्रम में पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता के कुशल निर्देशन में साइबर सेल मेंहदावल द्वारा सर्वाजनिक स्थानों, स्कूल, कालेज, बाजार आदि में समय -समय पर साइबर जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है तथा साइबर फ्राड होने पर M.H.A द्वारा जारी साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 व साइबर क्राइम की बेवसाइट पर शिकातय दर्ज करने हेतु बताया जा रहा है। इसी क्रम में पीड़ित सोमनाथ पुत्र बासुदेव निवासी ग्राम बढया ठाठर थाना मेंहदावल के साथ 11999.9/- रुपये का फ्राड हुआ जिसके उपरान्त उन्होने साइबर क्राइम की हेल्प लाइन नंबर 1930 पर काल कर अपनी शिकायत दर्ज करायी गयी थी। आज दिनांक 18.12.2023 को ठउफ्ख ढडफ्ळअछ पर प्राप्त पीड़ित के शिकायत संख्या 33107230111750 पर त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर ठगी के शिकार पीड़ित के खाते में 11999.9/- रुपये वापस कराये गये। साइबर सेल थाना मेंहदावल टीम के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दूबे, वरि0 उ0नि0 रामवशिष्ट , का0 चन्द्रवेद कन्नौजिया तथा का0 सत्येन्द्र चौहान के द्वारा सक्रियता दिखाते हुए साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति का रुपया वापस कराया।

## प्रधानमंत्री को डायरेक्ट जनता से जोडने के लिए टोलफ्री नंबर 18002090920 पर मिस्ड कॉल करने के लिए प्रेरित किया गया एवं उनके स्मार्टफोन में नरेंद्र मोदी एप डाउनलोड कराया गया




प्रखर वाराणसी। सोमवार सुबह 11 बजे पीएम मोदी एप्स जुड़ने के लिए बरकी इंटर कालेज सेवापुरी वाराणसी जनसभा में भाजपा महानगर आईटी एवम् सोशल मीडिया के माध्यम से महानगर अध्यक्ष श्री विद्यासागर राय जी अगुवाई में महानगर आईटी संयोजक कुणाल पांडेय , सक्षम पटेल एवम मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह के सहयोग से लगे स्टॉल में जनसभा में आये सभी आगंतुकों को प्रधानमंत्री जी को डायरेक्ट जनता से जोडने के लिए टोलफ्री नंबर 18002090920 पर मिस्ड कॉल करने के लिए प्रेरित किया गया एवं उनके स्मार्टफोन में नरेंद्र मोदी एप डाउनलोड कराया गया।जिसमे मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, नवीन कपूर जगदीश त्रिपाठी नागेंद्र रघुवंशी कुणाल पांडेय सक्षम पटेल मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह अजित सिंह सिद्धनाथ शर्मा अभिषेक वर्मा राजेन्द्र शंकर पटेल सुनील श्रीवास्तव कैलाश अग्रवाल बब्बू सिंह रितेश पाल आनंद चौहान रोहित विश्वकर्मा अभय सिंह उपस्थित रहे।

## तहसील पिंडरा के चुनाव में चार लोगों ने किया नामांकन

प्रखर पिंडरा वाराणसी। तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा का वार्षिक चुनाव 29 दिसम्बर को होगा। इसके लिए पहले दिन 3 पदों के लिए 4 लोगों ने नामांकन दाखिल किया। तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के गहमागहमी के बीच सोमवार को अध्यक्ष पद के लिए कृपाशंकर पटेल, उपाध्यक्ष पद के लिए अरभेन्दु मिश्रा व प्रबंध समिति के लिए योगेंद्र नाथ चौरसिया व सुनील कुमार मिश्रा ने नामांकन किया। चुनाव अधिकारी बच्चालाल यादव व मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को भी नामांकन होगा। चुनाव 29 दिसम्बर व मतगणना 30 दिसंबर को होगा।



## युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता 22 को

प्रखर पिंडरा वाराणसी। युवा कल्याण व प्रादेशिक विकास दल द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए पिंडरा विकास खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 22 दिसम्बर से पिंडरा खेल मैदान के बजाय पश्चिमपुर स्थित खेल मैदान पर होगी। उक्त जानकारी देते हुए क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विवेक सिंह ने बताया कि पिंडरा खेल मैदान पर तीन दिवसीय पिंडरा महोत्सव होने के कारण अब स्थान परिवर्तित कर पिंडरा ब्लॉक के पश्चिमपुर कर दिया गया। दो दिन तक चलने वाले विकास खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 22 व 23 दिसम्बर को होगा। जिसमें पहले दिन 22 को एथलेटिक्स और कुश्ती 23 को बालीबाल कबड्डी प्रतियोगिता होगी। जिसमें विकास खण्ड के युवा खिलाड़ी 21 दिसम्बर तक पंजीकरण करा सकते हैं।



# बघीरा का जबर्दस्त टीजर रिलीज...

**मुंबई।** होमबेल फिल्म्स, भारतीय फ़िल्म इंडस्ट्री में सबसे अच्छे कंटेंट निर्माता में से एक है। उन्होंने फैंस और दर्शकों को केजीएफ चैप्टर 1 और 2 और वैश्विक संसेशन कंटारा जैसे विविध कंटेंट के साथ एंटरटेन किया है। अब प्रोडक्शन हाउस ने अपने फिल्मोग्राफी के खजाने से एक और रोमांचक प्रोजेक्ट के टीजर से पर्दा उठाया है और उन्होंने अपने अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट "बघीरा" का टीज़र लॉन्च किया है। बघीरा के एक मिनट 26 सेकंड लंबे एक्शन-पैक्ड टीजर को रिलीज किया, जो हमें फिल्म की दुनिया की एक दृष्टि प्रदान करता है।

लाइफ Style



# आलिया

## बेटी राहा को छोड़ना आसान नहीं

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने अपनी बेटी राहा के सेपरेशन एंग्जाइटी पर खुलकर बात की है और बताया है कि कैसे उनके लिए अपनी खुशियों को छोड़ना कभी आसान नहीं होता।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


आलिया और एक्टर रणबीर कपूर ने 14 अप्रैल 2022 को मुंबई में अपने वास्तु अपार्टमेंट वाले घर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। नवंबर 2022 में उनके घर में बेटी राहा का जन्म हुआ। एक्ट्रेस आलिया ने अपने फैंस के साथ 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन किया। एक यूजर ने पूछा, क्या आप अभी भी राहा के लिए सेपरेशन एंग्जाइटी महसूस करते हैं। आलिया ने फैन को जवाब देते हुए कहा, उसे छोड़ना कभी आसान नहीं होता। लेकिन मुझे लगता है कि इसे बदलने में थोड़ा समय लगेगा। यह देखते हुए कि मेरे दूर रहने पर भी वह परिवार के साथ है, मुझे राहत महसूस कराता है। एक्ट्रेस ने अपनी बच्ची के कुछ निकनेम भी साझा किए, राहु, रारा लॉलीपॉप। इसके अलावा, एक फैन ने उनसे पूछा, आप चिंता से कैसे निपटती हैं? उन्होंने कहा, हम सभी में कुछ ऐसी चीजें होती हैं, जो हमारी चिंता को बढ़ा सकती हैं, उदाहरण के लिए मैं खुद को किसी अचानक बदलाव या ऐसी स्थिति से बहुत परेशान हो जाती हूं, जिस पर मेरा कोई नियंत्रण नहीं है। लेकिन मुझे यह समझने में काफी समय लग गया। आलिया ने आगे कह, कभी-कभी आप जो महसूस करते हैं उसे नियंत्रित करने की कोशिश करना फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचाता है।

हॉलीवुड मसाला




# स्टनिंग लुक से बांधा समा

**लॉस एंजेलिस।** एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो हॉलीवुड की बोल्ड एंड ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जो अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती है। हाल ही में इस सुपरमॉडल को मियामी में एक पार्टी को अटैंड करते हुए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से लोगों का खूब ध्यान खींचती नजर आईं। पार्टी से एक्ट्रेसेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो एक्ट्रेस इस दौरान ऑफ व्हाइट सीक्विन्ड मिनीड्रेस में काफी स्टनिंग दिखीं।




# द कर्स ओटीटी पर 29 को होगी रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी सीरीज द कर्स अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। यह आठ एपिसोड का एक ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर शो है। 'द कर्स' 29 दिसंबर को लायंसगेट प्ले पर रिलीज होगी। इस सीरीज का निर्देशन नाथन फील्डर, नाथन जेलनर और डेविड जेलनर ने किया है। एम्मा स्टोन बेनी सफ्री, हिकमा वारसेम, क्रिस्टोफर डी काल्डेरन, बरखाद आब्दी, सिडनी और सामंथा एशले के साथ अभिनय किया हैं। द कर्स सीरीज की कहानी तब शुरू होती है जब एशर और व्हिटनी की शादी को एक साल हो चुका है और दोनों उत्तरी न्यू मैक्सिको के एस्पनोला शहर में रहते हैं। इस तथ्य से निराश होकर कि यह एक अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्र है, दंपति आशेर के दोस्त डौगी शेक्टर की मदद से एक अभियान चलाते हैं।



# घूमर मेरे कॅरियर का टर्निंग पाइंट...

**मुंबई।** बॉम्बे बेगम्स, हड्डी जैसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस और कोरियोग्राफर इवांका दास ने अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर स्टारर फिल्म 'घूमर' को अपने करियर का महत्वपूर्ण मोड़ बताया और उनका मानना है कि इसमें शानदार स्क्रीन टाइम बिताने के लिए मैं आभारी हूं। इवांका ने कहा कि जहां उनके सभी प्रोजेक्ट उनके दिल के करीब रहे हैं, वहीं 'घूमर' उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है। वह कहती हैं कि इससे उनके लिए बहुत सी चीजें बदल गईं। इवांका ने कहा, मेरा सबसे प्रमुख प्रोजेक्ट घूमर है और मुझे लगता है कि यह टर्निंग प्वाइंट था। 'घूमर' मेरी पहली फिल्म नहीं है। मैंने पहले भी काम किया है, लेकिन मैं आभारी हूं और 'घूमर' में मुझे बहुत अच्छा स्क्रीन टाइम मिला है। यह बहुत अच्छा था और जो कुछ भी मेरे रास्ते में आ रहा है उसके लिए मैं आभारी हूं।



# शूटिंग के दौरान हुए वरुण घायल...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों अपने बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट वीडी 18 की शूटिंग में बिजी हैं। अभिनेता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक तस्वीर साझा की है। वीडी 18 की शूटिंग के वक्त वरुण धवन एक बार फिर खुद को घायल कर लिया है। उनका पैर सूजा नजर आ रहा है। साथ ही पैर पर लाल घाव का निशान भी दिखाई दे रहा है। वरुण ने खुलासा किया है कि लोहे की रॉड से पैर टकराने के बाद वह घायल हो गए हैं। वरुण धवन ने अगस्त में वीडी 18 की शूटिंग शुरू कर दी थी। फिल्म का निर्देशन कलीस कर रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी और एटली द्वारा किया जाएगा। एक्टर अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ अपडेट शेयर करते रहते हैं।

## रुबीना ने जुड़वा बेटियों को दिया जन्म..?



**मुंबई।** टीवी अदाकारा रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला अपनी लाइफ में एक कदम आगे बढ़ने की तैयारी में हैं। फैंस को जब से पता चला था कि रुबीना मां बनने वाली हैं, सभी बेहद खुश हो गए थे, और अब सभी को गुड न्यूज का इंतजार है। खबर आ रही है कि रुबीना और अभिनव पेरेंट्स बन गए हैं। लेकिन इस बात का खुलासा अभी एक्ट्रेस की ओर से नहीं हुआ है। हालांकि इस बात की जानकारी एक्ट्रेस की पायलट ट्रेनर ने की और बताया कि रुबीना ने दो जुड़वा बेटियों को जन्म दिया है। बाद में इस पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। ऐसे में अभी तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# 'पुष्पा- द राइज' के दो साल पूरे, रश्मिका ने जताया आभार



**मुंबई।** अपनी फिल्म 'पुष्पा-द राइज' की रिलीज के रविवार को दो साल पूरे होने पर, श्रीवल्ली के रूप में अपने परफॉर्मेंस से सुर्खियां बटोरने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने कहा कि वह आभारी हैं। रश्मिका ने कहा, 'पुष्पा- द राइज' की रिलीज के दो अविश्वसनीय वर्ष पूरे होने पर हम शब्दों से परे आभारी हैं। आप सभी के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद, जो मुझे हमेशा आपसे मिला है। यह वास्तव में बहुत ही अवास्तविक लगता है। एक्ट्रेस, जो ब्लॉकबस्टर 'एनिमल' का भी हिस्सा हैं, ने अपने किरदार गीतांजलि के बारे में उल्लेख किया और कहा कि ये दो भूमिकाएं उनके लिए वास्तव में खास हैं। उन्होंने कहा, श्रीवल्ली से गीतांजलि तक, किरदार मेरे दिल के सबसे करीब हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, रश्मिका वर्तमान में 'पुष्पा 2 - द रूल' की शूटिंग कर रही हैं, इसके अलावा उनके पास डी-51, द गर्लफ्रेंड, रेनबो और चावा भी हैं। 'पुष्पा द राइज' ने महामारी के बाद बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। फिल्म ने 365 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी।

## शांतनु से अलग हुईं सारा की राहें...



**मुंबई।** ग्लैमर वर्ल्ड में रिश्ते बनते और बिगड़ते देर नहीं लगती। अब तक इंडस्ट्री से कई ऐसे कपल्स हैं, जो एक दूजे संग कई सालों तक रिलेशन में रहने के बाद अलग हो गए। अब हाल ही में टीवी इंडस्ट्री की एक और खूबसूरत जोड़ी का अंत हो गया है। एक्ट्रेस सारा अली खान का उनके बॉयफ्रेंड शांतनु राजे से ब्रेकअप हो गया है। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दी है। सारा खान ने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर अपने ब्रेकअप की घोषणा करते हुए लिखा, आपसी सहमति से मैंने और मेरे पार्टनर ने एक-दूसरे से अलग होने का फैसला कर लिया है।

# श्रुति ने किया चौंकाने वाला खुलासा



**मुंबई।** अभिनेत्री श्रुति हासन इन दिनों अपनी आगामी पैन इंडिया एक्शन फिल्म को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में श्रुति ने शराब के सेवन करने के बारे में कई चौंकाने वाले खुलासे किया है। श्रुति ने शराब का सेवन न करने को लेकर कहा कि उन्हें कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा, मैं आठ साल से शराब का सेवन नहीं कर रही हूं, इसलिए मैं शांति से अपनी लाइफ जी रही हूं। लेकिन जब आप शराब नहीं पी रहे हों, तो पार्टी में लोगों को बर्दाश्त कठिन हो जाता है। हालांकि, मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं है कि मैं कोई हैंगओवर नहीं कर रही हूं। श्रुति ने उन दिनों के बारे में बताया जब उन्हें शराब और पार्टी करने की आदत हो गई थी। उन्होंने कहा, मैंने कभी ड्रग्स का सेवन नहीं किया है।

# तृप्ति की जिंदगी में मिस्ट्री मैन की एंट्री



**मुंबई।** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इस वक्त वेडिंग सीजन का लुत्फ उठा रही हैं। खुद एक्ट्रेस अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक से बढ़कर एक फोटो फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। दरअसल फोटो में एक्ट्रेस किसी मिस्ट्री मैन के साथ नजर आ रही हैं। फिर क्या था, फोटो देखते ही फैंस ने एक्ट्रेस के रिलेशनशिप स्टेटस पर सवाल खड़े करना शुरू कर दिया। लोगों ने तो ये तक दावा कर दिया कि एक्ट्रेस इस मिस्ट्री मैन को डेट कर रही हैं। बता दें कि जिस शख्स के साथ एक्ट्रेस नजर आ रही हैं उनका नाम सैम मर्चेंट है। सैम ने अपने करियर की शुरुआत मॉडल के तौर पर की थी। यही नहीं सैम ने साल 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉम्पिटीशन में खिताब भी जीता था। अब सैम गोवा में अपने खुद का क्लब और होटल रन कर रहे हैं।

# उभरते सितारे : 2024 में ये नए कलाकार करेंगे अपना डेब्यू

*मुंबई। जैसा कि हम 2024 की सिनेमाई पेशकशों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, नए चेहरों की एक लहर सिल्वर स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है, जो अपनी प्रतिभा और करिश्मा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने का वादा करती है। आइए भारतीय सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार कुछ रोमांचक नवोदित कलाकारों पर करीब से नज़र डालें।*

### शनाया कपूर - वृषभ



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर बहुप्रतीक्षित फिल्म वृषभ से अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अपनी वंशावली और अभिनय के प्रति स्पष्ट जुनून के साथ, शनाया से बड़े पर्दे पर एक अनोखा आकर्षण लाने की उम्मीद है।

### राशा थडानी - अभिषेक कपूर की अनाम फिल्म



अभिषेक कपूर के आगामी प्रोजेक्ट में अमन देवगन के साथ राशा थडानी भी शामिल होंगी। एक अनुभवी निर्देशक के मार्गदर्शन में इन नवोदित कलाकारों का सहयोग एक ऐसी फिल्म का संकेत देता है जो प्रतिभा और शिल्प कौशल के मिश्रण से विविध दर्शकों को पसंद आ सकती है।

### इब्राहिम अली सरज़मीन



पटौदी-खान परिवार की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इब्राहिम अली खान ₹सरजमीन₹ से अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। देशभक्ति की भावना जगाने वाले शीर्षक के साथ, यह फिल्म इब्राहिम को राष्ट्रीय पहचान के विषयों की खोज करते हुए अपनी अभिनय क्षमता दिखाने के लिए एक मंच प्रदान कर सकती है।

### पश्मीना रोशन - इश्क विश्क रिबाउंड और हीरो नं. 1 टाइगर श्रॉफ के साथ



प्रतिष्ठित रोशन परिवार से आने वाली पश्मीना दोहरी शुरुआत के लिए तैयार हो रही हैं। उनका पहला उद्यम, ₹इश्क विश्क रिबाउंड₹, एक रोमांटिक यात्रा का वादा करता है, जबकि टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी अनाम फिल्म उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ती है।

जैसे-जैसे रिलीज की तारीखें नजदीक आ रही हैं, सिनेप्रेमी निस्संदेह इन होनहार सितारों के उद्भव और उनके द्वारा बड़े पर्दे पर जीवंत की जाने वाली अनूठी कहानियों को देखने के लिए उत्साहित हैं। अपने उद्यमों को समर्थन देने वाले स्थापित नामों के साथ, ये नवोदित कलाकार बॉलीवुड के भविष्य को आकार देने और दर्शकों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।

## खबर संक्षेप

### एडीबी ने भारत का वृद्धि अनुमान 6.7% बढ़ाया




**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने दूसरी तिमाही के उम्मीद से बेहतर आंकड़ों के बाद चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है। एशियन डेवलपमेंट आउटलुक दिसंबर 2023 के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में उम्मीद से अधिक 7.6 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि देखी गई।

### एसीसी-अंबुजा सीमेंट की कर-पूर्व आय में वृद्धि




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के अधिग्रहण के बाद एसीसी-अंबुजा सीमेंट की कर-पूर्व आय (एबिटा) 350 रुपये से बढ़कर 1,350 रुपये प्रति टन हो गई है। सूत्रों ने कहा कि समूह को उम्मीद है यह आंकड़ा 2024 तक बढ़कर 1,400 रुपये हो जाएगा। अदाणी समूह ने पिछले साल अंबुजा सीमेंट लिमिटेड और एसीसी लिमिटेड का अधिग्रहण किया था।

### एस्सार गुजरात में 55 हजार करोड़ रुपए करेगी निवेश

ESSAR OIL & GAS

**नई दिल्ली।** एस्सार समूह गुजरात में ऊर्जा बदलाव, बिजली और बंदरगाह परियोजनाओं में 55,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इन निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। निवेश एक गीगावाट क्षमता की हरित हाइड्रोजन परियोजना की स्थापना, सलाया बिजली संयंत्र के विस्तार और सलाया बंदरगाह को लॉजिस्टिक केंद्र में बदलने के लिए किया जाएगा।

### मार्केट कैप में टीसीएस और इंफोसिस रही आगे



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2.26 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,658.15 अंक या 2.37 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### वेदांता रिसोर्सेज ने 1.25 अरब डॉलर का वित्त जुटाया

vedanta

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की प्रमुख कंपनी वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) अपने कर्जों की अदायगी के लिए 1.25 अरब डॉलर का वित्तपोषण हासिल करने में सफल रही है। इस बीच, एसएंडपी ग्लोबल ने वीआरएल की रेटिंग को घटा दिया है।वेदांता रिसोर्सेज ने कहा कि इस वित्तपोषण से उसे दीर्घावधि में टिकाऊ पूंजी ढांचा खड़ा करने में मदद मिलेगी।

# सैमसंग के बाद आईफोन यूजर्स पर बड़ा खतरा, सरकार ने जारी की चेतावनी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सैमसंग के बाद अब एप्पल के डिवाइस यूज करने वाले यूजर्स के ऊपर खतरा मंडरा रहा है। सीईआरटी-इन (कंप्यूटर इमर्जेंसी रिस्पॉन्स टीम ऑफ इंडिया) ने कहा कि उसे ऐपल के प्रोडक्ट्स में कई खतरे मिले हैं। इनसे यूजर्स के डेटा की सेफ्टी हैकर्स के निशाने पर आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार ये हैकर इनसे ऐपल डिवाइस में वायरस वाले कोड को रन कराने के साथ ही सिक्योरिटी रिस्ट्रिक्शन्स को भी बाइपास कर सकते हैं। इसके अलावा इनसे हैकर यूजर्स के डिवाइस में डिनायल ऑफ सर्विस (डीओएस) भी चालू कर सकते हैं।

- डेटा की सेफ्टी हैकर्स के निशाने पर आई

### एप्पल के डिवाइस यूजर्स पर मंडरा रहा खतरा

#### सैमसंग के प्रीमियम फोन भी नहीं सेफ

सीईआरटी डॉट इन ने सैमसंग यूजर्स को दी गई चेतावनी में कहा था कि ऐंड्रॉयड वर्जन 11, 12, 13 और 14 पर चलने वाले फोन की सिक्योरिटी गंभीर खतरे में है। इसमें सैमसंग के प्रीमियम फोन गैलेक्सी एस 23 का भी नाम है क्योंकि यह ऐंड्रॉयड 14 को सपोर्ट करता है।




#### इन ऐपल प्रोडक्ट्स पर खतरा

सीईआरटी डॉट इन के अनुसार यह खतरा आईओएस, एप्पल वॉच ओएस, आईपैडओएस और 17.2 वर्जन के ऊपर वाले एप्पल सफारी के यूजर्स की परेशानी बढ़ा सकता है। सीईआरटी डॉट इन ने इस खतरे को 'हाई' कैटिगरी में रखा है। यह सिक्योरिटी एडवाइजरी सैमसंग यूजर्स को दी गई वॉर्निंग के महज 48 घंटे बाद आई है।

### डेटा कर सकते हैं एक्सेज




सैमसंग के डिवाइसेज के लिए जारी की गई वॉर्निंग में कहा गया है कि हैकर आसानी से ऐंड्रॉयड 11, 12, 13 और 14 पर काम करने वाले स्मार्टफोन्स के डेटा को ऐक्सेस कर सकते हैं। सीईआरटी डॉट इन ने अपनी जांच में पाया कि हैकर बड़ी आसानी से सैमसंग के नोक्स फीचर को कंट्रोल कर सकते हैं। इसके अलावा फोन का फेशियल रिकॉग्निशन फीचर को भी चकमा देना हैकर्स के लिए बाएं हाथ का खेल है।

### मेनबोर्ड की 7 और 4 एसएमई देंगी दस्तक

# शेयर बाजार में अगले हफ्ते आ रहे 11 आईपीओ मार्केट में होगा 4000 करोड़ रुपए का बड़ा खेल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अगले हफ्ते 11 कंपनियां शेयर बाजार में उतरने वाली हैं। इनमें से 7 मेनबोर्ड कंपनियां हैं। इनके आईपीओ का साइज 3910 करोड़ रुपए होगा। इसके अलावा चार एसएमई भी मार्केट में 135 करोड़ रुपए के आईपीओ लाएंगी। विशेषज्ञों ने अनुमान जताया है कि इन सभी आईपीओ को बाजार से अच्छा रिस्पोंस मिल सकता है। अगले साल भी आईपीओ के जरिए पैसा जुटाने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

सेबी के पास लगभग 65 आईपीओ प्रस्ताव आ चुके हैं। इनमें से 25 को बाजार नियामक सेबी की मंजूरी भी मिल चुकी है। आईपीओ में मिल रहा मुनाफा और कंपनियों द्वारा उचित कीमत रखने की वजह से निवेशकों में इन्हें लेकर अच्छा उत्साह देखा जा रहा है।

#### सूरज एस्टेट ज्वेलर्स लाएगी इश्यू

मेनबोर्ड आईपीओ में मुथूट माइक्रोफिन, मोतीसंस ज्वेलर्स, सूरज एस्टेट ज्वेलर्स, हैप्पी फोर्जिंग्स, आरबीजेड ज्वेलर्स, क्रेडो ब्रांड्स और आजाद इंजीनियरिंग अगले हफ्ते अपना आईपीओ लाएंगे उधर, एसएमई सेगमेंट में सहारा मेरीटाइम, इलेक्ट्रो फोर्स, शांति स्पिनटेक्स और ट्राईडेंट टेकलैब्स बाजार में उतरने वाले हैं।

*शेयर बाजार में इस साल विभिन्न कंपनियों के आईपीओ ने धूम मचाई हुई है। इन आईपीओ और आर्थिक प्रगति के अच्छे आंकड़ों पर सवार होकर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 71 हजार और एनएसई का निफ्टी 21 हजार के आंकड़े को पार कर चुका है।*

- आईपीओ से मिल रहे अच्छे मुनाफे से निवेशकों का समर्थन
- कंपनियां भी उचित कीमत पर अपना आईपीओ ला रही
- मुथूट माइक्रोफिन का आईपीओ 960 करोड़ रुपए का होगा




*इश्यू प्राइस 55 रुपए प्रति शेयर : कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में 32.06 करोड़ रुपए का लाभ कमाया है। इसी तारीख को मोतीसंस ज्वेलर्स भी अपना आईपीओ लेकर आएंगे। इस आईपीओ को लेकर ग्रे मार्केट में सबसे ज्यादा उत्साह है।*



#### मोतीसंस ज्वेलर्स ने ग्रे मार्केट में मचाई धूम

मुथूट माइक्रोफिन का आईपीओ 18 से 20 दिसंबर तक खुला रहेगा। कंपनी का आईपीओ 960 करोड़ रुपए का होगा। कंपनी ने इश्यू के लिए 277 से 291 रुपए का प्राइस बैंड तय किया है। पिछले छह महीने में कंपनी का रेवेन्यू 72 फीसदी और मुनाफा 205 करोड़ रुपए हो चुका है। अगला नाम सूरज एस्टेट डेवलपर्स का है। उनका 400 करोड़ रुपए का आईपीओ 18 से 20 दिसंबर के बीच खुलेगा।

#### मुनाफे में चल रहीं सभी कंपनियां

हैप्पी फोर्जिंग्स का आईपीओ 19 दिसंबर को खुलेगा। इसके जरिए कंपनी बाजार से 1009 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। कंपनी ने पहली छमाही में 116 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। आरबीजेड ज्वेलर्स का 100 करोड़ रुपए का आईपीओ भी 19 से 21 दिसंबर तक खुला रहेगा।

#### क्रेडो ब्रांड्स का आईपीओ 19 दिसंबर को खुलेगा

क्रेडो ब्रांड्स पहली बार अपना आईपीओ ला रही है। यह 550 करोड़ रुपए का आईपीओ भी 19 दिसंबर को ही खुलेगा पिछले वित्त वर्ष में कंपनी ने 8.5 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। आजाद इंजीनियरिंग का आईपीओ 20 दिसंबर को आएगा। यह कंपनी भी मुनाफे में चल रही है।

#### इन एसएमई पर भी होगी नजर

सहारा मेरिटाइम का 7 करोड़ रुपए का आईपीओ 18 दिसंबर को बाजार में दस्तक देगा। इलेक्ट्रो और शांति अपना आईपीओ 19 दिसंबर को लाने वाले हैं। ट्राइडेंट का आईपीओ 21 दिसंबर को आने वाला है। इन सभी एसएमई आईपीओ को लेकर भी बाजार में उत्सुकता है।

# 2047 तक सभी के लिए होगा बीमा : मोहंती




- एलआईसी निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका : चेयरमैन
- ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नए उत्पाद पेश किए जा रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जीवन बीमा निगम (एलआईसी) '2047 तक सभी के लिए बीमा' हासिल करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

एलआईसी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि इसके लिए बीमा कंपनी विशेष योजना बना रही है और खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए तैयार किए गए उत्पाद पेश किए जाएंगे। मोहंती ने बताया, 'जोर इस बात पर होगा कि अधिकतम ग्रामीण जनता को कैसे बीमा के दायरे में लाया जाए, जिन्हें वास्तव में बीमा की जरूरत है। आने वाले दिनों में हमारे कुल कारोबार में ग्रामीण हिस्सेदारी भी बढ़ जाएगी।' चेयरमैन ने कहा कि '2047 तक सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य को हासिल करने में एलआईसी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और इस दिशा में कंपनी ने पहले ही काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, 'मुझे नियामक को धन्यवाद देना चाहिए। नियामक इरडा ने पहले ही एक समग्र उत्पाद 'बीमा विस्तार' का प्रस्ताव दिया है, जिसमें जीवन, स्वास्थ्य और संपत्ति बीमा शामिल होगा।'मोहंती ने कहा कि इन उत्पादों को बेचने के लिए 'बीमा वाहक' को लगाया जाएगा और यह एक महिला-केंद्रित वितरण मॉडल होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया है, जब देश ब्रिटिश शासन से आजादी के 100 साल पूरे करेगा।

#### एक क्लिक पर उपलब्ध होंगी सेवाएं

फिलहाल, भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है लेकिन वैश्विक औसत की तुलना में यहां बीमा की पहुंच कम है। मोहंती ने कहा कि दावा निपटान, ऋण और अन्य सेवाएं एक क्लिक पर उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा, ग्राहकों को कार्यालय आने की जरूरत नहीं है।

# टाटा स्टील की कलिंग परियोजना अगले साल तक लेगी आकार

एजेंसी ⏭ कलिंग नगर (ओडिशा)

टाटा स्टील का लक्ष्य अगले साल दिसंबर तक अपनी कलिंग नगर परियोजना के विस्तार को पूरा करने का है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

कंपनी ने 23,500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 30 लाख टन सालाना से 80 लाख टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता तक पहुंचने के लिए नवंबर, 2018 में ओडिशा में अपनी कलिंग नगर परियोजना के विस्तार के दूसरे चरण की शुरुआत की थी। टाटा स्टील कलिंग नगर के उपाध्यक्ष (परिचालन) राजीव कुमार ने बातचीत में कहा, 'हम इस परियोजना को अगले साल दिसंबर के अंत तक पूरा करने और चालू करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।' नया ब्लास्ट फर्नेस 5,870 घन मीटर (सीयूएम) की आंतरिक मात्रा के साथ देश में सबसे बड़ा होगा। कुमार ने कहा कि परियोजना के दूसरे चरण के विस्तार से देश में वाहन, सामान्य इंजीनियरिंग, तेल और गैस, उत्खनन और अन्य मूल्यवर्धित क्षेत्रों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए संयंत्र में फ्लैट स्टील का उत्पादन बढ़ेगा। विस्तार परियोजना की स्थिति पर उपाध्यक्ष ने कहा कि आज तक लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और शेष 20 प्रतिशत भी प्रगति पर है।



- कंपनी ने 23,500 करोड़ के निवेश का रखा लक्ष्य
- उत्पादन क्षमता 30 लाख टन से 80 लाख टन

#### दुनिया का सबसे किफायती संयंत्र होगा

विस्तार परियोजना के महत्व के बारे में पूछने पर कुमार ने कहा कि उन्नत प्रौद्योगिकियां स्थापित करने के साथ कलिंग नगर संयंत्र दुनिया में सबसे किफायती इस्पात उत्पादकों में शामिल हो जाएगा।

*फ्रिज व वॉशिंग मशीन की बिक्री को मिलेगा बढ़ावा: गोदरेज अप्लायंसेज के कारोबार प्रमुख और कार्यकारी उपाध्यक्ष कमल नंदी के अनुसार, शादी का सीजन आमतौर पर त्योहारी सीजन के बाद अन्य उपकरणों के अलावा रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन की बिक्री को बढ़ावा देता है।*

# शादियों के मौसम में उपभोक्ता सामान की मांग में आया उछाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शादी-विवाह के सीजन की वजह से हाल के दिनों में देश की प्रमुख घरेलू उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों की बिक्री में जोरदार उछाल देखने को मिला है। इस दौरान मुख्य रूप से गैर-महानगरों में शुरुआती स्तर के आमजन के इस्तेमाल के उत्पादों की मांग में जबर्दस्त बढ़ोतरी हुई है।

त्योहारी सीजन में प्रीमियम उत्पादों की मांग की वजह से इस उद्योग की बिक्री 15-20 प्रतिशत बढ़ी थी। शादियों की वजह से उनकी मांग में और उछाल आया है। नवंबर में कुछ शुरुआती प्रतिक्रियाएं मिलने के बाद एलजी, गोदरेज अप्लायंसेज और पैनासोनिक जैसी कंपनियों ने वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर, टीवी, माइक्रो ओवन से लेकर छोटे रसोई उपकरणों तक के अपने उत्पादों पर वित्तपोषण योजनाओं के साथ-साथ अपने त्योहारी पेशकश को आगे बढ़ा दिया है।

चालू शादी के मौसम से उद्योग में बड़े और प्रवेश स्तर के उत्पादों की मांग बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'दिवाली की त्योहारी धारणा और मौजूदा शादी-विवाह के सीजन के कारण कई कंपनियों ने नवंबर में सकारात्मक रुझान का अनुभव किया।'



- प्रीमियम उत्पादों की मांग 15 से 20 फीसदी तक बढ़ी

### रिलायंस संपत्ति निर्माण में अव्वल

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड 2018 से 2023 तक पांच साल के दौरान संपत्ति निर्माण के लिहाज से अव्वल रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के एक अध्ययन के अनुसार अदाणी एंटरप्राइजेज ने भी निवेशकों को तगड़ा मुनाफा दिया। कंपनियों के शेयर बाजार में प्रदर्शन पर आधारित इस अध्ययन में कहा गया कि रिलायंस लगातार पांचवीं बार संपत्ति निर्माण में अव्वल रही। कंपनी ने 2018-23 के बीच 9,63,800 करोड़ रुपये की संपत्ति जोड़ी। इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (6,77,400 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (4,15,500 करोड़ रुपये), इन्फोसिस (3,61,800 करोड़ रुपये) और भारती एयरटेल (2,80,800 करोड़ रुपये) का स्थान रहा।

# जीएसटी भरने वालों की संख्या पांच साल में 65 फीसदी बढ़ी

- लगभग बढ़कर 1.13 करोड़ हुआ
- करदाताओं की संख्या बढ़कर 1.40 करोड़ हुई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




करदाताओं के अनुपालन में सुधार के कारण अप्रैल, 2023 तक पांच वर्षों में जीएसटी रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या लगभग 65 प्रतिशत बढ़कर 1.13 करोड़ हो गई। वित्त मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत पंजीकृत सक्रिय करदाताओं की संख्या बढ़कर 1.40 करोड़ हो गई जो अप्रैल 2018 में 1.06 करोड़ थी। मंत्रालय ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में फाइलिंग माह के अंत तक 90 प्रतिशत पात्र करदाता जीएसटीआर-3बी रिटर्न दाखिल कर रहे हैं। यह आंकड़ा जीएसटी लागू होने के पहले वर्ष 2017-18 में 68 प्रतिशत था। मंत्रालय ने सोशल नेटवर्किंग मंच एक्स पर पोस्ट किया, 'जीएसटी नियमों और प्रक्रियाओं में सरलीकरण के परिणामस्वरूप पात्र करदाताओं द्वारा रिटर्न दाखिल करने का प्रतिशत बढ़ गया है। एक जुलाई, 2017 को राष्ट्रव्यापी जीएसटी लागू किया गया था। इसमें उत्पाद शुल्क, सेवा कर और वैट जैसे एक दर्जन से अधिक स्थानीय करों को शामिल किया गया था।

### घरों की बिक्री 4.5 लाख करोड़ रुपए के पार होगी



**नई दिल्ली।** कीमतों में बढ़ोतरी और लक्जरी घरों की अधिक मांग के दम पर इस साल सात प्रमुख शहरों में आवास बिक्री सालाना आधार पर 38 प्रतिशत बढ़कर 4.5 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने यह बात कही। वर्ष 2022 में दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र), मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद में 3,26,877 करोड़ रुपये के घर बिके थे। एनारॉक के अनुसार, 2023 के पहले नौ महीनों में प्राथमिक बाजार में बेची गई आवासीय संपत्तियों का मूल्य 3,48,776 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जो 2022 की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है। एनारॉक समूह के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, तथ्य यह है कि पहले नौ महीनों में आवास बिक्री मूल्य पूरे 2022 से अधिक रहा है जो इस वर्ष प्रीमियम लक्जरी घरों की बढ़ती मांग को दर्शाता है।

### अमेरिका की ग्लोबल स्मार्टफोन निर्माता कंपनी है एप्पल

# फ्रांस-इटली से भी बड़ी हुई एप्पल, भारत को भी छोड़ देगी पीछे?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका की ग्लोबल स्मार्टफोन निर्माता कंपनी एप्पल की मार्केट वैल्यू 3 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गई है। आईटी कंपनियों के शेयरों में आए उछाल के चलते इस मशहूर कंपनी को भी फायदा पहुंचा है। कंपनी के शेयर भी कमाल कर रहे हैं। कंपनी की मार्केट वैल्यू इतनी बढ़ चुकी है कि दुनिया के सैकड़ों देश उससे पीछे छूट गए हैं। एप्पल की मार्केट वैल्यू अब रूस, इटली और फ्रांस की इकोनॉमी को पार कर गई है। ऐसा माना जा रहा है कि यदि ऐसी ही तेजी बनी रही तो कंपनी भारत की अर्थव्यवस्था से भी बड़ी हो जाएगी। शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट में बहुत उतार-चढ़ाव देखा गया। एप्पल के शेयर दिन खत्म होने पर हल्की गिरावट के साथ बंद हुए।

- कंपनी की मार्केट वैल्यू 3 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गई

#### दुनिया के सिर्फ 6 देश ही कंपनी से आगे

एप्पल का मार्केट कैप इस समय सिर्फ 6 देशों से ही पीछे रह गया है। उससे आगे सिर्फ अमेरिका 25.5 ट्रिलियन डॉलर, चीन 18 ट्रिलियन, जापान 4.2 ट्रिलियन, जर्मनी 4.07 ट्रिलियन, इंडिया 3.4 ट्रिलियन और ब्रिटेन 3.07 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के साथ मौजूद हैं। यदि एप्पल का मार्केट कैप ऐसे ही बढ़ता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब वह दुनिया की टॉप 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगी।



#### फ्रेंच स्टॉक मार्केट से बड़ी हो गई थी एप्पल

हाल ही में एप्पल पूरे फ्रेंच स्टॉक मार्केट से बड़ी हो गई थी। एप्पल की मार्केट वैल्यू 3.1 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गई थी। उसका मार्केट कैप फ्रेंच स्टॉक मार्केट में लिस्टेड सारी कंपनियों से आगे निकल गया था। मगर इसके बाद कंपनी के शेयरों में गिरावट आ गई। साल 2023 में एप्पल के शेयर 55 फीसदी तक उछल चुके हैं। इसके साथ ही कंपनी फिर से दुनिया की सबसे मूल्यवान लिस्टेड कंपनी बन चुकी है।

#### इटली और फ्रांस की इकोनॉमी से भी ज्यादा

इसके बावजूद कंपनी का मार्केट कैप 3.066 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गया। यह मार्केट कैप इटली और फ्रांस की कुल इकोनॉमी से भी ज्यादा है। फ्रांस की अर्थव्यवस्था इस समय 2.78 ट्रिलियन डॉलर और इटली की 2.18 ट्रिलियन डॉलर है। रूस की अर्थव्यवस्था भी 2.24 ट्रिलियन डॉलर की है।

#### अगले हफ्ते यूनाइटेड किंगडम की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा

ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि सोमवार को मार्केट खुलने के साथ ही एप्पल के शेयरों में फिर से उछाल आएगा इसके साथ ही उसका मार्केट कैप अगले हफ्ते यूनाइटेड किंगडम की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा। आने वाले कुछ महीनों में एप्पल के भारत से भी आगे निकल जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# सुमीत ग्रुप के 'शॉपिंग उत्सव' का तीसरा मिनी ड्रॉ निकला



**रायपुर।** प्रदेश के दिग्गज व्यावसायिक समूह सुमीत ग्रुप की ओर से लाई गई छत्तीसगढ़ में अब तक की सबसे बड़ी उपहार योजना 'शॉपिंग उत्सव' का तीसरा मिनी लकी ड्रॉ रविवार को डुमरतराई स्थित शुभम के मार्ट में निकाला गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कूपनधारी ग्राहक मौजूद रहे। उत्साह और रोमांच से भरे माहौल में पूरी पारदर्शिता के साथ भाग्यशालियों के नाम निकाले गए। मिनी ड्रॉ में फर्स्ट प्राइज टाटा नेक्सन कार है जिसके विजेता कूपन नंबर- 459702 रहे। वहीं, सेकंड प्राइज में दो विजेताओं के लिए ओला एस वन बाइक है जिसे जीता कूपन नंबर-565010 और कूपन नंबर-454645 ने। थर्ड प्राइज 10 ग्राम का गोल्ड क्वॉइन कूपन नंबर-504217, कूपन नंबर-173711 और कूपन नंबर-529063 ने जीता है। इसके अलावा अन्य उपहार जैसे 71 थ्री पीस ट्रेवल सूटकेस, 510 ट्रेवल सूटकेस और 2100 टफल बैग के विजेताओं के भी ड्रॉ निकाले गए। इस तरह लगभग 2700 उपहारों के ड्रॉ निकाले गए। सुमीत ग्रुप के डायरेक्टर अशोक कांकरिया और नमित कांकरिया ने कहा कि ज्वेलरी, कपड़ा, ग्रोसरी और गृहउपयोगी जैसी सामानों की खरीदी पर दी जा रही यह अपनी तरह की छत्तीसगढ़ ही नहीं मध्यभारत में अब तक की सबसे बड़ी उपहार योजना है जिसमें 10 करोड़ से अधिक के उपहार हैं। इस उपहार योजना को लोगों का जबर्दस्त रिस्पांस मिल रहा है।

- फर्स्ट प्राइज टाटा नेक्सन कार के विजेता कूपन नंबर-459702 रहे

## दम लगा के हईशा...





# राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट : मध्यप्रदेश ने दूसरे दिन जीते दो सिल्वर समेत 6 पदक

**भोपाल, (खेल संवाददाता )**। मप्र के खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्गीय संजीव कुमार सिंह आईपीएस स्मृति 34वीं सीनियर महिला पुरुष राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट चैंपियनशिप के दूसरे दिन रविवार को दो रजत पदक समेत कुल 6 पदक जीते। मप्र की ओर से कैनो मेंस 500 मीटर सी-4 इवेंट में हर्ष, प्रिंस, नरेश और अजय की चौकड़ी ने रजत जीता, जबकि कैनो मेंस 500 मीटर सी-2 इवेंट में नरेह और प्रिंस की चांदी रही। इससे पूर्व चैंपियनशिप का शुभारंभ जलकीड़ा केंद्र भोपाल के छोटा तालाब पर मध्य प्रदेश पुलिस के महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना, थॉमस कोनियर जोको अंतरराष्ट्रीय केनो फेडरेशन के अध्यक्ष और प्रशांत कुशवाह अध्यक्ष भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ नई दिल्ली ने किया। इस मौके पर जयदीप प्रसाद आईपीएस अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, आईपीएस रवि गुप्ता संचालक खेल और युवा कल्याण, दिग्विजय सिंह सचिव मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ, पीएस बुंदेला अध्यक्ष एमपीकेसीए आदि मौजूद थे।

## ब्रीफ न्यूज

### आखिरी ओवर में 21 रन बनाकर जीता इंग्लैंड



**ग्रेनेडा।** इंग्लैंड ने ग्रेनेडा के सेंट जॉर्ज नेशनल स्टेडियम में खेले गए तीसरे टी-20 मैच में ओपनर फिल सॉल्ट के नाबाद शतक और हैरी ब्रूक के 400 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से बनाए गए रन की बदौलत वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराया। 5 टी-20 मैचों की सीरीज में वेस्टइंडीज अभी 2-1 से आगे है। इस मैच में इंग्लैंड को जीतने के लिए आखिरी 24 गेंदों में 71 रन चाहिए थे। इंग्लैंड के ओपनर सॉल्ट ने 56 गेंदों में नाबाद 109 रन और हैरी ब्रूक ने 442.86 की स्ट्राइक रेट से 7 गेंदों पर नाबाद 31 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 6 विकेट विकेट 222 रन बनाए। 223 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड ने 1 गेंद शेष रहते हुए 226 रन बनाकर 7 विकेट से जीत लिया।

### हॉकी : महिला-पुरुष टीमें बेल्जियम से पराजित

**वालेंसिया।** भारतीय महिला और पुरुष हॉकी टीम को पांच देशों के टूर्नामेंट में बेल्जियम से हार का सामना करना पड़ा है। महिला टीम को शनिवार को बेल्जियम से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला हॉकी टीम का अगला मुकाबला 19 दिसंबर को जर्मनी से होगा। वहीं पुरुष टीम को भी अपने दूसरे मैच में बेल्जियम से 2-7 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष हॉकी टीम 19 दिसंबर को जर्मनी से मुकाबला करेगी।

### शिमला में आज से शुरू होगा स्केटिंग सेशन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी में आइस स्केटिंग के शौकीनों के लिए अच्छी खबर है। शिमला के लक्कड़ बाजार में स्थित स्केटिंग रिंक में रविवार सुबह ट्रायल हुआ जो सफल रहा है। इसके बाद रिंक में सोमवार से स्केटिंग सेशन शुरू हो जाएगा। अभी फिलहाल सुबह के सेशन में ही स्केटिंग होगी। शिमला के लक्कड़ बाजार में स्थित आइस स्केटिंग रिंक एशिया का पहला ओपन एयर रिंक है, जहां आज भी प्राकृतिक रूप से बर्फजमाई जाती है। इस रिंक को 1920 में अंग्रेजों ने बनाया था, तब से लेकर हर साल यहां पर सर्दियों में प्राकृतिक रूप से बर्फजमा कर स्केटिंग करवाई जाती है। आइस स्केटिंग क्लब के ऑर्गेनाइजिंग सेक्टरी रजत मल्होत्रा ने बताया कि ट्रायल सफल रहा है।

### विलियमसन की एक वर्ष बाद टी20 टीम में वापसी



**वेलिंग्टन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के सीमित ओवर कप्तान केन विलियमसन को एकदिवसीय और टेस्ट के बाद अब बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली घरेलू टी-20 श्रृंखला की भी जिम्मेदारी दी गई है। इस श्रृंखला के साथ ही उनकी एक वर्ष के बाद टी-20 टीम में वापसी हो रही है। सलामी बल्लेबाज डेवन कॉन्वे को टी-20 से आराम दिया गया है।

## पहले वनडे में अर्शदीप-आवेश के बाद श्रेयस-सुदर्शन का तूफान

# भारत ने द.अफ्रीका को 17 ओवर में रौंदा

● **जोहानिसबर्ग**

भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले वनडे में 8 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। जोहानिसबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने भारत को 117 रनों का टारगेट दिया था, जिसे उसने 16.4 ओवरों में हासिल कर लिया। दोनों टीमों के बीच दूसरा वनडे मुकाबला 19 दिसंबर को पोर्ट एलिजाबेथ में होगा।

भारतीय टीम को टारगेट चेज करने में कोई खास परेशानी झेलनी नहीं पड़ी। 23 रनों के स्कोर पर ऋतुराज गायकवाड़ के आउट होने के बाद साई सुदर्शन और श्रेयस अय्यर ने 88 रनों की साझेदारी करके मैच भारत की झोली में कर दिया। अपने डेब्यू मुकाबला खेल रहे साई सुदर्शन ने 43 गेंदों पर नाबाद 55 रन बनाए, जिसमें 9 चौके शामिल रहे। वहीं श्रेयस ने 45 गेंदों पर 52 रनों की पारी खेली, जिसमें 6 चौके और एक सिक्स शामिल रहा। इससे पूर्व टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत काफी खराब रही और उसने पावरप्ले में ही अपने चार विकेट खो दिए। ये चारों विकेट अर्शदीप सिंह ने झटके।

### सुदर्शन और बर्गर ने किया डेब्यू

भारतीय टीम की ओर से इस मैच में स्टार बल्लेबाज साई सुदर्शन ने अपना डेब्यू किया। वहीं साउथ अफ्रीका के लिए नांद्रे बर्गर ने अपना ओडीआई डेब्यू किया।



अफ्रीकी विकेट का जश्न मनाते अर्शदीप सिंह। इनसेट: आवेश खान।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| हेंड्रिक्स बोल्ड अर्शदीप | 00 | 08 | 0/0 |
| डी जोरजी कै. राहुल बो. अर्शदीप | 28 | 22 | 2/2 |
| डुसेन बो. पगबाधा अर्शदीप | 00 | 01 | 0/0 |
| एडेन मार्करम बोल्ड आवेश | 12 | 21 | 2/0 |
| हेनरिक क्लासेन बोल्ड अर्शदीप | 06 | 09 | 1/0 |
| मिलर कै. राहुल बो. आवेश | 02 | 07 | 0/0 |
| वियान मुल्डर पगबाधा आवेश | 00 | 01 | 0/0 |
| फेहलुकवायो पगबाधा अर्शदीप | 33 | 49 | 3/2 |
| महाराज कै. गायकवाड़ बो. आवेश | 04 | 07 | 1/0 |
| नांद्रे बर्गर बोल्ड कुलदीप | 07 | 32 | 1/0 |
| तबरेज शम्सी नाबाद | 11 | 08 | 2/0 |

**अतिरिक्त**: 13, **कुल**: 27.3 ओवर में 116 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन**: 1-3, 2-3, 3-42, 4-52, 5-52, 6-52, 7-58, 8-73, 9-101, 10-116, **गेंदबाजी**: मुकेश कुमार 7-0-46-0, अर्शदीप सिंह 10-0-37-5, आवेश खान 8-3-27-4, कुलदीप यादव 2.3-0-3-1.

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गायकवाड़ बो. पगबाधा मूल्डर | 05 | 10 | 1/0 |
| साई सुदर्शन नाबाद | 55 | 47 | 9/0 |
| अय्यर कै.मिलर बो.फेहलुकवायो | 52 | 45 | 6/1 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 01 | 03 | 0/0 |

**अतिरिक्त**: 04, **कुल**: 16.4 ओवर में 2 विकेट पर 117 रन, **विकेट पतन**: 1-23, 2-111, **गेंदबाजी**: नांद्रे बर्गर 5.4-1-35-0, वियान मुल्डर 4-0-26-1, केशव महाराज 3-0-19-0, तबरेज शम्सी 3-0-22-0, एंडिले फेहलुकवायो 1-0-15-1.

### किशन ने निजी कारणों से द.अफ्रीका टेस्ट सीरीज से अपना नाम वापस लिया

**मुंबई, आरएनएन।** विकेटकीपर-बल्लेबाज इशान किशन ने निजी कारणों का हवाला देते हुए बीसीसीआई से दक्षिण अफ्रीका में होने वाली टेस्ट सीरीज से नाम वापस लेने अनुरोध किया है। बीसीसीआई ने किशन के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। यह खबर बीसीसीआई की चिकित्सक दल द्वारा मंजूरी नहीं दिए जाने के बाद मोहम्मद शमी को टेस्ट सीरीज से बाहर किए जाने के बाद आई है। बीसीसीआई की पुरुष चयन समिति ने किशन के स्थान पर केएस भरत का चयन किया है। भारत इस समय दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर है और वह 26 दिसंबर से दो मैच की टेस्ट सीरीज खेलेगा। पहला टेस्ट सेंचुरियन में होगा, वहीं दूसरा टेस्ट केपटाउन में तीन से सात जनवरी 2024 के बीच खेला जाएगा।

**भारतीय टीम**- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रुतुराज गायकवाड़, केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), प्रसिद्ध कृष्णा और केएस भरत (विकेटकीपर)।



# पर्थ में पाकिस्तान 89 पर ऑलआउट

## पहला टेस्ट: ऑस्ट्रेलिया ने 360 रनों से रौंदा, नाथन लायन के 500 विकेट पूरे

**पर्थ।** पर्थ में पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 360 रनों से हरा दिया। इसके साथ ही तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन 84/2 से आगे खेलते हुए 233/5 के स्कोर पर अपनी दूसर पारी घोषित कर दी। पाकिस्तान को 449 रन का टारगेट मिला, लेकिन टीम 89 रन ही बना सकी।

ऑस्ट्रेलिया से दूसरी पारी में मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 3-3 विकेट लिए। नाथन लायन ने 2 विकेट लेकर टेस्ट करियर में अपने 500 विकेट पूरे किए। वहीं एक विकेट कप्तान पैट कमिंस को भी मिला। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 487 और पाकिस्तान ने 271 रन बनाए थे। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में 84/2 बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन 3 विकेट खोकर 149 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया का चौथा विकेट 107 रन पर गिर गया था। उसके बाद उस्मान ख्वाजा और मिचेल मार्श ने पांचवे विकेट के लिए 129 गेंदों पर 126 रन की पार्टनरशिप की। दूसरी इनिंग में ऑस्ट्रेलिया की ओर से दो बल्लेबाज हाफ सेंचुरी जड़ने में सफल हुए। उस्मान ख्वाजा ने 190 गेंदों में 90 रन और मिचेल मार्श ने 68 गेंदों पर नाबाद 63 रन बनाए। इनके अलावा स्टीव स्मिथ ने 87 गेंदों पर 45 रन बनाए।

# सौम्या के नेतृत्व में नॉकआउट चरण में पहुंचा मध्यप्रदेश

**भोपाल ( खेल संवाददाता )।** बीसीसीआई द्वारा आयोजित महिला-23 टूर्नामेंट के अंतर्गत वीसीए ग्राउंड सिविल लाइन नागपुर में खेले गए चौथे मैच में मध्य प्रदेश ने बंगाल को सुपर ओवर मे हरा दिया। मध्य प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 158 रन बनाए। इसमें कनिष्क ठाकुर ने 75 और सौम्या ने 38 रन का योगदान दिया। बंगाल की ओर से कशिश अग्रवाल ने 60 रन बनाए और निधारित 20 ओवर में 158/6 बनाने के साथ ही दोनों टीमों का स्कोर बराबर होने के साथ मैच सुपर ओवर में चला गया। मप्र की ओर से सूची उपाध्याय सुपरओवर डालने आई इन्होंने कप्तान द्वारा तैयार रणनीति के तहत बाल डाली और पहली ही बाल पर कप्तान सौम्या ने कैच लपक लिया। दूसरी बाल पर भी दूसरा विकेट गिर गया। मप्र को जीत के लिए सिर्फ एक रन चाहिए था, जिसे बनाने के साथ ही मप्र ने नॉकआउट के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

# क्रिकेट में होंडा विजेता, हुंडई उपविजेता




**भोपाल, (खेल संवाददाता)।** भोपाल ऑटोमोबाइल एसोसिएशन द्वारा रचना नगर खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के विजेता होंडा एवं उपविजेता हुंडई को रविवार को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आयोजक आशीष पांडे एवं भोपाल ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे।

# मध्यप्रदेश के हिमांशु ओलंपिक क्वालीफाई कैंप के लिए चयनित



**भोपाल (खेल संवाददाता )।** भोपाल के लाल बॉक्सर हिमांशु का चयन ओलंपिक क्वालीफाई कैंप के लिए 57 किलोग्राम भार वर्ग में हुआ है। यह कैंप एनआईएस पटियाला में 18 दिसंबर से 31 जनवरी 2024 तक लगाया जा रहा है। हिमांशु पहले भी दो बार खेलो इंडिया चैंपियन रह चुके है और अभी हाल ही में नेशनल में कांस्य पदक प्राप्त किया, जिसके आधार पर उनका चयन ओलंपिक क्वालीफाई कैंप के लिए किया गया है। हिमांशु तात्या टोपे स्टेडियम स्थित बॉक्सिंग अकादमी में विश्वामित्र अवॉर्डी कोच रोशनलाल से प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## हादसा — साथी खिलाड़ियों ने मैदान पर की प्रार्थना, फैंस भी रोते हुए आए नजर

# फुटबॉल मैच के दौरान प्लेयर को आया हार्टअटैक

● **डॉर्सेट**

फिटनेस के मामले में प्लेयर्स का कोई मुकाबला नहीं। इस पर भी खिलाड़ी फुटबॉलर हो तो फिटनेस का लेवल अलग ही हो जाता है। अब यदि फुटबॉलर को मैच के दौरान हार्ट अटैक आ जाए तो क्या कहेंगे। इंग्लैंड में एक मैच के दौरान कुछ ऐसा ही हुआ। प्रीमियर लीग का मैच इंग्लैंड के डॉर्सेट में वाइटैलिटी स्टेडियम में ल्यूटन टाउन और बोर्नमाउथ के बीच शनिवार को खेला गया।

मैच के दौरान ल्यूटन टाउन के कैप्टन टॉम लॉकयर (29) को कार्डियक अरेस्ट आया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। लॉकयर की हालत स्थिर है। कुछ समय बाद मैच को रद्द कर दिया गया। लॉकयर की हार्ट सर्जरी हो चुकी है। ल्यूटन टाउन के खिलाड़ियों ने मैदान पर अपने कप्तान के लिए प्रार्थना की। वहीं, फैंस भी अपने चहेते खिलाड़ी के लिए रोते नजर आए।



### मैच के सेकेंड हाफ में गिर पड़े थे लॉकयर, स्ट्रैचर पर ले गए बाहर

मैच के दौरान दूसरे हाफ के 59वें मिनट में ल्यूटन के कप्तान गिर गए। इसके बाद ल्यूटन टाउन के मैनेजर रॉब एडवर्ड्स तुरंत मैदान के अंदर दौड़ पड़े। वहीं, दोनों टीमों के मेडिकल स्टाफ भी तुरंत ग्राउंड के अंदर पहुंचकर लॉकयर को फर्स्ट ऐड देना शुरू कर दिया। कुछ मिनट बाद उन्हें स्ट्रैचर पर ग्राउंड के बाहर ले जाया गया।

### क्लब ने किया मेडिकल स्टाफ का शुक्रिया अदा

ल्यूटन टाउन ने कहा कि हमारे मेडिकल स्टाफ ने कप्तान लॉकयर की कार्डियक अरेस्ट आने की पुष्टि की है। उन्हें जब स्ट्रैचर से मैदान से बाहर ले जाया गया, तब उनकी हालत ठीक थी। स्टेडियम के अंदर उनका आगे का इलाज किया गया और उसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। हम दोनों टीमों के मेडिकल स्टाफ का शुक्रिया अदा करते हैं। फैन्स को भरोसा दिलाते हैं कि लॉकयर की हालत स्थिर है और परिवार के लोगों की मौजूदगी में उनका इलाज चल रहा है। बोर्नमाउथ ने लॉकयर के हेल्थ अपडेट आने के बाद बयान जारी कर कहा कि हमें यह सुनकर राहत मिली कि लॉकयर की हालत स्थिर है। हमारी संवदेनाएं ल्यूटन टाउन के कप्तान के साथ हैं। हम सभी मेडिकल स्टाफ का शुक्रिया अदा करते हैं, जिन्होंने तुरंत आकर उन्हें फर्स्ट ऐड दिया।

# सिराज का समर्थन करने के लिए अधिक गेंदबाजी विकल्प हासिल करना प्राथमिकता: आरसीबी क्रिकेट निदेशक

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबट ने सोमवार को कहा कि आगामी आईपीएल नीलामी में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का समर्थन करने के लिए अधिक गेंदबाजी विकल्प हासिल करना टीम की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। आरसीबी ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, कप्तान फाफ डु प्लेसिस, ग्लेन मैक्सवेल और सिराज समेत 18 खिलाड़ियों को रिटेन (टीम में बरकरार) किया है और 11 खिलाड़ियों को रिलीज (टीम से बाहर) कर दिया है। जिन खिलाड़ियों को रिलीज किया गया है उनमें मध्यम तेज गेंदबाज हर्षल पटेल, श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की तिकड़ी शामिल हैं। इससे टीम की गेंदबाजी कमजोर हुई है। बोबाट ने यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति में कहा, हम जो करते हैं मोहम्मद सिराज उसका मुख्य हिस्सा है। हमारे लिए सिराज का समर्थन करने के लिए गेंदबाजी विदेशी गेंदबाज सहित कुछ और गेंदबाजी विकल्पों को टीम में शामिल करना एक वास्तविक प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा, हमारे पास स्थानीय स्पिनरों का एक समूह है, जो मुझे लगता है कि काफी मजबूत है। उनमें से कुछ को पिछले एक या दो वर्षों में सीमित अवसर मिले हैं और वे आगे चलकर अधिक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। शीर्ष क्रम में दिग्गज बल्लेबाजों से सजी आरसीबी ने अपने मध्य क्रम को मजबूत करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को मुंबई इंडियंस से 17.5 करोड़ रुपये में खरीदा। बोबाट ने कहा, हमारे पास मुख्य खिलाड़ियों का एक मजबूत समूह है। टीम का शीर्ष क्रम काफी मजबूत है।खिलाड़ियों को रिलीज करने का हमारा फैसला का एक हिस्सा मध्य क्रम को मजबूत करने की कोशिश करना था। कैमरून ग्रीन को टीम में लाना एक शानदार था कदम है। आरसीबी के पास 40.75 करोड़ रुपये का पर्स है और खिलाड़ियों को साइन करने के लिए कुल सात स्लॉट उपलब्ध हैं।

## भारत में 'विवाह योग्य उम्र' से पहले शादी



**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)।** द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, भारत में पांच में से एक लड़की और छह में से एक लड़के की अभी भी विवाह योग्य उम्र से पहले ही शादी हो रही है। हार्वर्ड टीएच चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में किए गए अध्ययन से पता चला है कि भारत में बाल विवाह में गिरावट आई है लेकिन हाल के वर्षों में यह प्रथा कुछ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में अधिक प्रचलित हो गई है। बाल विवाह मानवाधिकार उल्लंघन है, लिंग और यौन-आधारित हिंसा का एक मान्यता प्राप्त रूप है।

जीरो बाल विवाह तक पहुंचने में भारत की सफलता संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 5.3 को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। जनसंख्या स्वास्थ्य और भूगोल के प्रोफेसर, प्रमुख लेखक एसवी सुब्रमण्यम ने कहा, यह अध्ययन यह अनुमान लगाने वाले पहले अध्ययनों में से एक है कि राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर समय के साथ लड़की और लड़के के बाल विवाह की दर में कैसे बदलाव आया है। विशेष रूप से लड़के के बाल विवाह को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। आज तक, इसकी व्यापकता का अनुमान लगाने वाला लगभग कोई शोध नहीं हुआ है। एसवी सुब्रमण्यम ने कहा, हमारे निष्कर्ष भारत में बाल विवाह के बोझ को समझने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो प्रभावी नीति निर्माण के लिए महत्वपूर्ण होगा। हालांकि, भारत कानूनी रूप से बाल विवाह को लड़कियों के लिए 18 वर्ष की आयु से पहले और लड़कों के लिए 21 वर्ष की आयु से पहले विवाह के रूप में परिभाषित करता है।

## सोशल मीडिया
### का 30 मिनट कम उपयोग बेहतर बना सकता है

**लंदन, (आईएएनएस)।** एक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि हर दिन केवल 30 मिनट कम सोशल मीडिया का इस्तेमाल मानसिक स्वास्थ्य, नौकरी से संतुष्टि और प्रतिबद्धता को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। आज कल सोशल मीडिया कई लोगों के जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। इसका मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जब यूजर्स ऑनलाइन नहीं होते हैं तो उन्हें अपने नेटवर्क में होने वाली किसी महत्वपूर्ण घटना के छूट जाने का डर रहता है, जिसे फियर ऑफ मिसिंग आउट (फोमो) कहा जाता है।

जर्मनी में रुहर यूनिवर्सिटी बोचुम में मानसिक स्वास्थ्य अनुसंधान और उपचार केंद्र की एसोसिएट प्रोफेसर जूलिया ब्रिलोव्स्काया ने कहा, हमें संदेह है कि लोग सकारात्मक भावनाएं उत्पन्न करने के लिए सोशल नेटवर्क का उपयोग करते हैं, जिसकी कमी वे अपने रोजमर्रा के कामकाजी जीवन में महसूस कर रहे हैं, खासकर जब वे अधिक काम का बोझ महसूस कर रहे हों। इसके अलावा, यदि आप अपनी वर्तमान भूमिका से नाखुश हैं तो लिंक्डइन जैसे कुछ प्लेटफ़ॉर्म नई नौकरियों की तलाश करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। कम समय में वास्तविकता से सोशल नेटवर्क की दुनिया में भागने से वास्तव में आपका मूड बेहतर हो सकता है। लेकिन दीर्घावधि में यह अडिक्टिव व्यवहार को जन्म दे




सकता है जिसका विपरीत प्रभाव पड़ता है। बिहेवियर एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में, टीम ने इन संबंधों का पता लगाने के लिए एक प्रयोग शुरू किया। कुल 166 लोगों ने हिस्सा लिया, जिनमें से सभी ने कई क्षेत्रों में अंशकालिक या पूर्णकालिक काम किया और गैर-कार्य-संबंधित सोशल मीडिया के उपयोग पर हर दिन कम से कम 35 मिनट बिताए। प्रतिभागियों के दो समूह बनाए गए थे। एक समूह ने अपनी सोशल मीडिया की आदतें नहीं बदलीं। दूसरे समूह ने सोशल नेटवर्क पर बिताए जाने वाले समय को सात दिनों के लिए हर रोज 30 मिनट कम कर दिया। ब्रिलोव्स्काया ने कहा, इतने कम समय के बाद भी हमने पाया कि जिस समूह ने सोशल मीडिया पर प्रतिदिन 30 मिनट कम बिताए, उनकी नौकरी की संतुष्टि और मानसिक स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ। इस समूह के प्रतिभागियों को कम काम का बोझ महसूस हुआ और वे नियंत्रण समूह की तुलना में काम के प्रति अधिक प्रतिबद्ध थे। फोमो की उनकी समझ भी इसी तरह कम हो गई। प्रयोग की समाप्ति के बाद प्रभाव कम से कम एक सप्ताह तक रहा और इस दौरान कुछ मामलों में बढ भी गया।

जिन प्रतिभागियों ने स्वेच्छा से अपने दैनिक सोशल मीडिया का उपयोग कम कर दिया था, उन्होंने एक सप्ताह के बाद भी ऐसा करना जारी रखा। शोधकर्ताओं का मानना है कि अपने सोशल मीडिया के उपयोग को कम करने से, प्रतिभागियों को अपना काम करने के लिए अधिक समय मिला, जिसका मतलब था कि उन्हें कम काम करना पड़ा और उन्हें बंटे हुए ध्यान से भी कम पीड़ित होना पड़ा। हमारा दिमाग किसी कार्य से लगातार ध्यान भटकाने से अच्छी तरह निपट नहीं सकता है। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग अपने सोशल मीडिया फ़ीड पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बार-बार अपना काम करना बंद कर देते हैं, उनके लिए अपने काम पर ध्यान केंद्रित करना अधिक कठिन होता है और उन्हें खराब परिणाम मिलते हैं।

### प्रजनन की धारणा को बदल सकता है
## स्टेम कोशिका विज्ञान

**मेलबर्न (द कन्वरसेशन)।** 'इन विट्रो गैमेटोजेनेसिस' (आईवीजी) नामक तकनीक का उपयोग करके मानव त्वचा कोशिकाओं का अंडाणु और शुक्राणु बनाने में सक्षम होना जल्द ही संभव हो सकता है। इसमें मानव शरीर के बाहर (इन विट्रो) अंडाणु और शुक्राणु की उत्पत्ति शामिल है। आईवीजी एक ऐसी तकनीक है जिससे डॉक्टरों को आपके शरीर से ली गयी किसी भी कोशिका से प्रजनन कोशिकाएं बनाने में मदद मिलेगी। इससे समलैंगिक जोड़ों को बच्चा पैदा करने में मदद मिल सकती है। सैद्धांतिक रूप से एक पुरुष की त्वचा कोशिका को अंडाणु और एक महिला की त्वचा कोशिका को एक शुक्राणु में बदला जा सकता है। इससे किसी बच्चे के आनुवंशिक रूप से कई माता-पिता होने या केवल एक के होने की संभावना है।



**क्षमता**

पहली, इन विट्रो गैमेटोजेनेसिस आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) को सुव्यवस्थित कर सकती है। अभी अंडाणु प्राप्त करने के लिए बार-बार हार्मोन इंजेक्शन लगाने पड़ते हैं, एक मामूली सर्जरी करनी पड़ती है और अंडाशय के अति उत्तेजित होने का जोखिम होता है। आईवीजी से ये समस्याएं खत्म हो सकती है। दूसरा, यह तकनीक कुछ प्रकार के चिकित्सकीय बांझबन को खत्म कर सकती है। उदाहरण के लिए, इसका उपयोग उन महिलाओं के लिए अंडाणु उत्पन्न करने के लिए किया जा सकता है जिनमें अंडाशय काम नहीं कर रहा है या जो जल्दी रजोनिवृत्त हो रही हैं। तीसरा, इस तकनीक से समलैंगिक जोड़ों को बच्चे पैदा करने में मदद मिल सकती है जो आनुवंशिक रूप से माता-पिता दोनों से जुड़े होंगे।

कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि आईवीजी का मानव अनुप्रयोग अभी बहुत दूर है। बहरहाल, मानव स्टेम कोशिकाओं पर काम कर रहे वैज्ञानिक इन अवरोधों से पार पाने को लेकर सक्रियता से काम कर रहे हैं। यहां हम 'इन विट्रो गैमेटोजेनेसिस' के मानव पहलू के बारे में जानते हैं और क्यों हमें अब इसके बारे में बात करने की जरूरत है।

**क्या तकनीक उपलब्ध है?**

इन विट्रो गैमेटोजेनेसिस (युग्मक जनन) 'प्लुरिपोटेंट स्टेम कोशिकाओं' से शुरू होता है। यह एक प्रकार की कोशिका है जो कई अलग प्रकार की कोशिका में विकसित हो सकती है। इसका उद्देश्य इन स्टेम कोशिकाओं को अंडाणु या शुक्राणु बनाने में सक्षम बनाना है। ये तकनीक प्रारंभिक भ्रूण से ली गयी स्टेम कोशिकाओं का इस्तेमाल कर सकती है। लेकिन वैज्ञानिकों ने इस पर भी काम किया है कि वयस्क कोशिकाओं को प्लुरिपोटेंट अवस्था में कैसे वापस लाया जाए। इससे अंडाणु या शुक्राणु बनने की संभावना पैदा होती है जो एक जीवित मानव वयस्क से जुड़ी है।

**क्या यह सुरक्षित है?**

सावधानीपूर्वक परीक्षण, कठोर निगरानी और इससे जन्मे किसी भी बच्चे पर नजर रखना आवश्यक होगा जैसा कि आईवीएफ समेत अन्य प्रजनन प्रौद्योगिकियों के लिए किया गया है।

**हमें फिर भी सरोगेट मां की जरूरत पड़ेगी**

अगर हम प्रत्येक पुरुष साथी की त्वचा कोशिका लेते हैं और एक भ्रूण पैदा करते हैं जो उस भ्रूण को गर्भावस्था के लिए एक सरोगेट (किराये की कोख) की जरूरत पड़ेगी। हमें अब इसके बारे में बातचीत शुरू करने की जरूरत है।

## आयशा खान ने मुनव्वर की आलोचना की



**मुंबई (आईएएनएस)।** आयशा खान, जो 'बिग बॉस 17' के घर में एंट्री करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने मुनव्वर फारुकी के साथ अपने अतीत के बारे में बात की और कहा कि उनके पापों में झूठ बोलना और कई अन्य चीजें शामिल हैं।आयशा ने कहा, उसने झूठ बोला था। टू-टाइमिंग एक छोटा सा शब्द है। मुझे नहीं पता कि उसने कितनी 'टाइमिंग' की है।' मेरे पास यही जानकारी है। वह मुझे पता है। वह बहुत सारी लड़कियों से बात करता था... एक से कह रहे हो 'आई लव यू' और दूसरे से कह रहे हो 'तुम शादी करने लायक हो', तुम यह भी कह रहे हो कि 'मुझे छोड़कर किसी और के पास मत जाओ। इसके बाद उन्होंने मुनव्वर के बारे में खुलासा किया। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने कहा, मुझे नहीं पता कि ये सही है या गलत, लेकिन जाहिर तौर पर शो में जाने से पहले उन्होंने शादी का प्रपोजल भेजा था। तो, गुनाहों की लिस्ट निकालूंगी तो फिर... ऐसे ऐसे शब्द यूज किए हैं कि अल्लाह ही मालिक है। आयशा द्वारा मुनव्वर के बारे में दिए गए एक पॉडकास्ट इंटरव्यू के बाद यह सुर्खियां बनीं। उन्होंने अपने ब्रेकअप के बारे में झूठ बोलने के बारे में बात की और बताया कि कैसे उन्होंने उन्हें शादी के लायक बताया। हालांकि, आयशा ने इस बात को साफ कर दिया है कि वे कभी भी कमिटेड रिलेशनशिप में नहीं थी और इसके कारणों का खुलासा किया। हम कभी भी कमिटेड रिलेशनशिप में नहीं थे। मेरी ओर से इसका कारण यह था कि मैंने सोचा था कि उस फेज में कमिटेड होना मेरे करियर के लिए सही नहीं होगा।

## एनआरसी पर बनी फिल्म असम में चर्चा का विषय

**गुवाहाटी (आईएएनएस)।** असम की विवादास्पद राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) अद्यतन प्रक्रिया की पृष्ठभूमि पर बनाई गई 'आईडी-माई आइडेंटिटी' नामक फीचर फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। बंगाली फिल्म का लेखन, निर्देशन और निर्माण दीपक दास द्वारा किया गया है। इनका जन्म और पालन-पोषण असम के सिलचर शहर में हुआ था। 1999 से उन्होंने बॉलीवुड और कोलकाता में सहायक निर्देशक और फिटनेस ट्रेनर के रूप में काम किया है। दास ने बताया कि एनआरसी का पहला मसौदा 2019 में जारी किया गया था और कम से कम 40 लाख लोगों के नाम इसमें शामिल नहीं थे। यही उनकी फिल्म का आधार है। उन्होंने कहा, फिल्म में प्रस्तुत तथ्य तथ्यात्मक हैं, हालांकि लोग एक काल्पनिक परिवार से हैं। हमने यह दिखाने का प्रयास किया कि कैसे कुछ परिवार एनआरसी से बाहर होने की पीड़ा से नष्ट हो गए। कैसे पहचान के संदेह ने आत्महत्याओं में योगदान दिया। कथा के बारे में, दास ने कहा कि मुख्य पात्र, रिम्पी, उन 19 लाख व्यक्तियों में से है, जिनके नाम अगस्त 2019 में प्रकाशित अंतिम एनआरसी ड्राफ्ट से हटा दिए गए थे। फिल्म निर्माता ने कहा, उसका जीवनसाथी चिंता के कारण आत्महत्या कर लेता है, और एक रात पुलिस उसकी अस्पष्ट पहचान के कारण रिम्पी को हिरासत में लेने पहुंचती है। वह अपने बच्चों के साथ भाग जाती है, लेकिन छह महीने बाद, नियति उसे ढूंढ लेती है। मेरी कहानी वह है, जो उसके बाद घटित होती है। फिल्म देखने के बाद, प्रसिद्ध गुवाहाटी फिल्म निर्माता संजीव नारायण ने टिप्पणी की कि निर्देशक ने एनआरसी जैसे कठिन विषय को संभालने के साथ-साथ आवश्यक भावनाओं को भी जगाने का शानदार काम किया है। नारायण ने कहा,दीपक दास उन कुछ निर्देशकों में से एक हैं, जिनमें एनआरसी के कठिन विषय पर बात करने की हिम्मत है।

जब भी मैंने फिल्म देखी, मुझे इस विषय के साथ एक भावनात्मक जुड़ाव महसूस हुआ और अभिनेताओं ने अपने हिस्से में बहुत अच्छा काम किया। उन्होंने कहा, निर्देशक कानूनी चिंताओं के कारण एनआरसी की पूरी तस्वीर दिखाने में असमर्थ थे। कृष्णनु भट्टाचार्जी, बराक घाटी स्थित फिल्म समूह बीक्षण सिने कम्यून के सदस्य हैं। उन्होंने कहा, दास को एनआरसी अद्यतन प्रक्रिया के सभी पहलुओं को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि यह अभी भी जारी है। फिर भी, वह पीड़ा, हानि और भावनाओं को व्यक्त करने में सक्षम है। मैंने फिल्म देखने के बाद लोगों को रोते हुए देखा है। मैं भी भावनाओं से प्रभावित हुआ। असम स्थित फिल्म समीक्षक बिस्वजीत शील ने कहा कि हालांकि फिल्मों में त्रुटियां हैं, लेकिन भावनाएं सटीक हैं। शील ने टिप्पणी की,ऐसा प्रतीत होता है कि निर्देशक कुछ अत्यधिक लंबे अंशों में हमें पीड़ा का अनुभव करा रहे हैं।


## एनिमल ने 500 करोड़ की कमाई की

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने 500 करोड़ की कमाई कर ली है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर,अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में है। फिल्म एनिमल 01 दिसंबर को रिलीज हुई है। दर्शको को फिल्म एनिमल बेहद पसंद आ रही है। एनिमल ने सात दिनों में 338 करोड़ की शानदार कमाई की थी। फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है।'एनिमल' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा बरकरार है। एनिमल ने भारतीय बॉक्स ऑफिस में 500 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है।वहीं वर्ल्डवाइड एनिमल ने 800 करोड़ की कमाई कर ली है।



### 51वर्ष के हुए
## जॉन अब्राहम

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता जॉन अब्राहम आज 51 वर्ष के हो गए। केरल में 17 दिसम्बर 1972 को जन्में जॉन अब्राहम ने अपने करियर की शुरूआत मॉडलिंग से की। इसके बाद उन्होंने कुछ विज्ञापन फिल्मों में भी काम किया। बतौर अभिनेता जॉन ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म जिस्म से की। इस फिल्म में उनका किरदार ग्रे शेड्स लिये हुये था बावजूद वह दर्शकों की सहानुभूति पाने में सफल रहे। महेश भट्ट निर्मित फिल्म जिस्म-2 में जॉन की जोड़ी बिपाशा बसु के साथ काफी पसंद की गई। फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। इसके साथ ही जॉन को सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेता के लिये फिल्म फेयर द्वारा नामांकित किया गया। वर्ष 2004 में जॉन और बिपाशा की जोड़ी वाली फिल्म एतबार प्रदर्शित हुई लेकिन दर्शकों द्वारा नकार दी गई।



वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म धूम जॉन के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शामिल है। यश राज बैनर तले बनी इस फिल्म में जॉन ने एक बार फिर से नेगेटिव किरदार निभाया। इस फिल्म में जॉन ने जबरदस्त बाइक स्टंट दृश्य कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई साथ ही उन्हें सर्वश्रेष्ठ नेगेटिव किरदार के लिये फिल्म फेयर की ओर से नामांकित भी किया गया।

वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म गरम मसाला में जॉन अब्राहम और अक्षय कुमार की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। वर्ष 2006 में जॉन की फिल्म जिंदा प्रदर्शित हुई। इस फिल्म में भी जॉन ने नेगेटिव किरदार निभाया। हालांकि यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिख सकी लेकिन जॉन इसे अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक मानते है। वर्ष 2008 में प्रदर्शित फिल्म दोस्ताना जॉन के करियर की सुपरहिट फिल्मों में शुमार की जाती है। करण जौहर निर्मित फिल्म दोस्ताना समालैंगिकता पर बनाई गई फिल्म थी।

## अनन्या के नए घर में क्रिसमस की तैयारी



**मुंबई (आईएएनएस)।** बॉलीवुड दीवा अनन्या पांडे, जिन्होंने हाल ही में अपना नया 'सपनों का घर' खरीदा है, ने अब अपनी क्रिसमस की तैयारी की एक झलक साझा की है। इंस्टाग्राम पर 24.6 मिलियन फॉलोअर्स वाली अनन्या ने एक सजाए हुए क्रिसमस ट्री की तस्वीर साझा की। उन्होंने बॉबी हेल्म्स द्वारा गाए गाने 'जिंगल बेल रॉक' का म्यूजिक भी ऐड किया। फोटो का कैप्शन था: मेरे नए घर में पहला क्रिसमस। 'गहराइयां' एक्ट्रेस का घर सुपरस्टार शाहरुख खान की पत्नी और डिजाइनर गौरी खान ने डिजाइन किया है। इससे पहले, अनन्या ने अपने नए घर को डिजाइन करने के लिए गौरी को धन्यवाद दिया था और गौरी के साथ कुछ तस्वीरें साझा की थीं। अनन्या और गौरी के बीच पहले से ही एक विशेष बंधन है। अनन्या गौरी की बेटी सुहाना खान की अच्छी दोस्त हैं।

## रश्मिका ने जताया आभार

**मुंबई (आईएएनएस)।** अपनी फिल्म 'पुष्पा-द राइज' की रिलीज के रविवार को दो साल पूरे होने पर, अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म में श्रीवल्ली के रूप में अपने परफॉर्मेंस से सुर्खियां बटोरने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने कहा कि वह आभारी हैं। श्रीवल्ली, उनका एक पसंदीदा करेक्टर, एक और हिट फिल्म 'पुष्पा - द राइज' से सामने आया। फिल्म में रश्मिका को बिल्कुल अलग अवतार में दिखाया गया, जिससे उन्हें 'नेशनल क्रश' का खिताब भी मिला। रश्मिका ने कहा, 'पुष्पा- द राइज' की रिलीज के दो अविश्वसनीय वर्ष पूरे होने पर हम शब्दों से परे आभारी हैं। आप सभी के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद, जो मुझे हमेशा आपसे मिला है, यह वास्तव में बहुत ही अवास्तविक लगता है। एक्ट्रेस, जो ब्लॉकबस्टर 'एनिमल' का भी हिस्सा हैं, ने अपने किरदार गीतांजलि के बारे में उल्लेख किया और कहा कि ये दो भूमिकाएं उनके लिए वास्तव में खास हैं। उन्होंने कहा, श्रीवल्ली से गीतांजलि तक, किरदार मेरे दिल के सबसे करीब हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, रश्मिका वर्तमान में 'पुष्पा 2 - द रूल' की शूटिंग कर रही हैं, इसके अलावा उनके पास डी-51, द गर्लफ्रेंड, रेनबो और चावा भी हैं।



## आलिया ने फिटनेस रूटीन का किया खुलासा

**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने रविवार को अपने पसंदीदा खाने की एक लिस्ट का खुलासा किया और अपने वर्कआउट रूटीन को शेयर करते हुए कहा कि वह हमेशा प्रगति पर काम करने वाली लड़की है। 'ब्रह्मास्त्र' फेम एक्ट्रेस, जिनके इंस्टाग्राम पर 81.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं, ने अपने फैंस के साथ आस्क मी एनीथिंग सेशन की मेजबानी की। सेशन के दौरान एक फैन ने आलिया से उनके पसंदीदा खाने के बारे में पूछा। दीवा ने यूजर को जवाब दिया, और कहा, पोहा और चास, फ्रेंच फ्राइज, दाल चावल, भिंडी, टमाटर की सब्जी, तड़का दही और स्पेगेटी। एक अन्य फैन ने उनके वर्कआउट रूटीन के बारे में पूछा, जिस पर 'शानदार' फेम एक्ट्रेस ने कहा, मैं हफ्ते में 6 दिन वर्कआउट करती हूं! जब तक कि मैं यात्रा नहीं कर रही हूं या ठीक नहीं हूं। मैं हफ्ते में 4 बार स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और सप्ताह के बाकी दिनों में कार्डियो के साथ योग/पिलेट्स करती हूं। आलिया ने एक फैन को 'द रेलवे मेन' सीरीज देखने की सलाह भी दी। 'उड़ता पंजाब' की एक्ट्रेस ने कहा कि उनका पसंदीदा हॉलीडे डेस्टिनेशन 'मसाई मारा' है। एक फैन ने आलिया से पूछा: 'ऐसी कौन सी चीज है जो आप अपने युवा को सलाह देंगी', इस पर उन्होंने जवाब दिया, ह्मम्म्म्म्म... और सुनो, कम बोलें मैंने अपने बारे में हाल ही में जो सीखा है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचा डढ़वा ग्रामीणों के साथ सदर विधायक तथा खंड विकास अधिकारी ने सुनी भारत संकल्प यात्रा में चलाया जा रहे मोदी के मन की बात



प्रखर संतकबीरनगर। खलीलाबाद विकासखंड के अंतर्गत पंचायत डणवा में पहूंची विकसित भारत रथ यात्रा का वाहन, मौके पर खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सदर विधायक अंकुर राज तिवारी तथा खंड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी समेत ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए लोकप्रिय कल्याणकारी योजनाओं के बारे में एलईडी वैन के माध्यम से सुने, इस अवसर पर खलीलाबाद के लोकप्रिय विधायक अंकुर राज तिवारी द्वारा ,सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित जनसमुदाय को विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी की सोच है कि सब के विश्वास सबके विकास के बल आम जनमानस के लिए तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं के को संचालित किया गया है जिसका लाभ निचली पायदान तक के व्यक्तियों तक पहुंचाने का कार्य हमारी सरकार द्वारा की जा रही है इसमें सभी विभागों के विभागा अध्यक्ष समेत अपने कार्यों के प्रति उत्तरदाई होते हैं योजनाओं का लाभ दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं, विकसित भारत संकल्प यात्रा में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों जैसे खंड विकास अधिकारी खलीलाबाद, संतोष कुमार पांडे ग्राम विकास अधिकारी संदीप चौधरी एडियो समाज कल्याण कमल साहनी सुमन विश्वकर्मा प्रवीण कुमार कृष्णावती संदीप कुमार पांडे विजयलक्ष्मी अनारकली रीता देवी द्रोपदी देवी शमीम बानो ग्राम प्रधान, बबीता त्रिपाठी राजकुमार शर्मा ठाकुर ज्ञान सिंह समीर विभागीय अधिकारी एवं ग्रामीण, कर्मचारी गण उपस्थित है।

## 23 दिसंबर को किसान दिवस के रुप में मनेगा चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में उनके साथ प्रदेश कार्यसमिति के प्रदेश सचिव, सदस्य, आमंत्रित सदस्यों के साथ एक आवश्यक बैठक पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर आयोजित हुई। इस बैठक में सांगठनिक कार्यों एवं पार्टी को मजबूत बनाने के साथ साथ दिनांक 23 दिसंबर को चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन किसान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने नवमनोनीत प्रदेश कार्यकारिणी के आमंत्रित सदस्य रणजीत यादव और प्रदेश सचिव चंदन यादव का माल्यार्पण कर स्वागत



भी किया। बैठक में अपने सम्बोधन में जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि आज देश गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। भाजपा सरकार का न तो संविधान में विश्वास है और न ही लोकतंत्र में। भाजपा सरकार छल,कपट और झूठ का पर्याय बन कर रह गई है। जनता के बुनियादी सवालों से इस सरकार का कुछ भी लेना-देना नहीं है। यह सरकार केवल पूंजीपतियों के हित को संरक्षित करने में व्यस्त हैं। गरीब एवं आमजनता के हित में इस सरकार को बेदखल होना जरूरी है जिसके लिए हम सबको संघर्ष करने की जरूरत है। इस बैठक में मुख्य रूप से रामधारी यादव, शिवशंकर यादव, सिंकदर कन्नौजिया, रणजीत यादव, राम औतार शर्मा,खेदन यादव, ई.शोभनाथ यादव, चन्द्रिका यादव, जमां खां, चंदन यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव , अमित ठाकुर आदि उपस्थित रहे। इस बैठक का संचालन जिला महामंत्री कन्हैयालाल विश्वकर्मा ने किया।

## युवा कल्याण व प्रादेशिक विकास दल ने किया खेल प्रतियोगिता का आयोजन, किया पुरस्कार वितरित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, गाजीपुर द्वारा खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता विकास खण्ड सैदपुर के दरनाथ कृषक इन्टर कॉलेज उचौरी में आयोजन सम्पन्न किया गया। जिसका उद्घाटन केदारनाथ कृषक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राजेश सिंह, ग्राम प्रधान कुंवर बहादुर द्वारा फीता काटकर किया। खेल का संचालन आंचल सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, सैदपुर द्वारा किया गया। जिसमें एथलेटिक्स, कुश्ती, वालीबाल एवं कबड्डी के विजयी खिलाडियो को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किया गया। प्रतियोगित तीन वर्गो में आयोजित हुई-सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग। बालक सबजूनियर वर्ग में 800 मी. दौड़ में रहमान अंसारी-



प्रथम, जूनियर वर्ग 100 मी० मे कौशल-प्रथम, जूनियर वर्ग 200 मी. में किशन कुमार गौतम प्रथम एवं 1500 मी. में किशन कुमार गौतम प्रथम रहे। सीनियर वर्ग 100 मी० में आशुतोष यादव प्रथम रहे। इसी क्रम में बालिका वर्ग में सब जूनियर- 100 मी० दौड़ में काजल गुप्ता प्रथम, 800 मी० दौड़ में आंचल पाल प्रथम जूनियर वर्ग में, 100 मी० दौड़ में पूजा सोनकर प्रथम, 800 मी० मैड़ में रागिनी कुमारी प्रथम रही। सीनियर बालिका वर्ग में 100 मी० दौड़ में अंशिका यादव प्रथम, 800 मी. दौड़ में भी शीतल राजभर प्रथम रही। कबड्डी सीनियर वर्ग में ग्रामसभा-अमिरहा की टीम बालक वर्ग में प्रथम रही। बालिका कबड्डी सीनियर वर्ग में ऊचौरी की टीम प्रथम रही।

## सुधाकर महिला कॉलेज के शिक्षाशास्त्र विभाग का शैक्षणिक भ्रमण

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पाण्डेयपुर स्थित सुधाकर महिला पोस्ट ग्रेजुएट कालेज के शिक्षा शास्त्र विभाग का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस संदर्भ में शिक्षा शास्त्र विभाग के कुल 83 छात्राओ को दो बस के द्वारा विंडम फाल,सिरसी बांध और माँ विन्ध्यवासिनी के दर्शन के साथ शैक्षणिक भ्रमण कराया गया इस अवसर पर शिक्षा शास्त्र के समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएँ और सहयोगी भी शैक्षणिक भ्रमण में साथ रहे जबकि शैक्षणिक भ्रमण को महाविद्यालय से प्राचार्य डॉ० प्रभु नारायण दूबे ने हरी झंडी दिखाकर दोनों बसों को रवाना किया` डॉ० दुबे ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण में छात्रायें प्रकृति के सर्पक में आते हैं जिसमें प्रकृति के रहस्यों और जीव जन्तुओं का




अध्ययन करके प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने से उनके अवलोकन करने की शक्ति का विकास होता हैं जबकि महाविद्यालय के समन्यवक व शिक्षाविद् डॉ० अशोक कुमार पाण्डेय ने पूरे शैक्षणिक भ्रमण को नेतृत्व किया। डॉ० पाण्डेय ने छात्राओं को प्रकृति के गुण रहस्यों को समझाते हुए कहा कि शैक्षणिक यात्रा नियोजन पाठ्यक्रम की आवश्यकता के अनुसार किया जाना चाहिए` इस अवसर पर शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.ऊषा उपाध्याय, डॉ. मनोरमा त्रिपाठी, डॉ० संतोष कुमार ओझा, डॉ. मंजु शुक्ला, डॉ० प्रेम कुमार, डॉ. सचिन पाण्डेय, डॉ० मीरा पाण्डेय डॉ० अर्चना, डॉ० सलीम सिद्धकी, डॉ० अपराजिता सिंह, डॉ० प्रवीण तिवारी, विधि प्रवक्ता डॉ० राजकुमार श्रीवास्तव ,राजेश सिंह और सुनील सिंह टाइगर ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करें अन्यथा खलीलाबाद यातायात पुलिस आपको माला पहनकर करेगी सम्मानित और कटेगा चालान



प्रखर संतकबीरनगर। जी हां संत कबीर नगर जिले के शहर खलीलाबाद बाईपास चौराहे पर यातायात पुलिस के द्वारा आज एक अनोखी पहल शुरू की गई इस पहल की चर्चा पूरे क्षेत्र में जोरों से है स्थानीय लोगों ने इसका स्वागत भी किया है आपको बता दें कि यातायात क्षेत्राधिकार केशवनाथ के दिशा निर्देशन में यातायात प्रभारी परमहंस के देखरेख में माला पहनाओं अभियान का शुरूआत किया गया। इस अभियान के तहत दो पहिया वाहन जो बिना हेलमेट के सड़क पर चलते हैं, उनको माला पहनकर स्वागत किया गया तथा हेलमेट पहनाकर स्वागत करते हुए चालान भी काटा गया तथा अगली बार से हेलमेट लगा कर वाहन को चलाने के लिए सख्त निर्देशित किया गया। यातायात प्रभारी परमहंस का कहना था कि हेलमेट लगाकर दो पहिया वाहन चलाएं नहीं तो कहीं यह माल आपका फोटो पर ना लग जाए, आपका जीवन अमूल्य है अपने जीवन को बचाएं। वहीं यातायात क्षेत्राधिकार केशवनाथ ने कहा कि संत कबीर नगर जिले से पूरे उत्तर प्रदेश के लोगों को यह संदेश दिया जा रहा है कि हेलमेट लगाकर दो पहिया वाहन को चलाएं तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें अन्यथा यातायात पुलिस की नजर में आते ही आपको माला पहना दिया जाएगा।और चालान भी काटेगा। खलीलाबाद शहर स्थित बाईपास चौराहे पर माला पहनाओं अभियान को जब लोगों ने देखा तो यातायात पुलिस की सराहनीय कदम को खूब सराहा तथा पूरे क्षेत्र में इसकी खूब चर्चा हो रही हैं।

## शिक्षा से होता है हर व्यक्ति का सर्वांगीण विकास अंबेडकर महासम्मेलन में बोले वक्ता

प्रखर मरदह गाजीपुर। रविवार को अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण एसोसियशन जनपद इकाई द्वारा डॉ.अम्बेडकर पार्क गोविन्दपुर (मठिया) में धनन्जय कुमार जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में डॉ. अम्बेडकर महासम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसका संचालन प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार प्रबुद्ध ने किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव बुद्धमित्र मुसाफिर ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से हर व्यक्ति का सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक,आर्थिक राजनैतिक उन्नति हासिल कर सकता है। शिक्षा के कारण बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर को दुनिया ज्ञान का प्रतीक कहती है जिसने भारत देश को गौरवशाली संविधान दिया है। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष कवीन्द्र सिंह ने कहा कि संघ एक ऐसी शक्ति होती है जिससे सभी कार्य असानी से किया जा सकता है जिसके लिए संगठन को मजबूत करें। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार प्रबुद्ध ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने करुणा प्रेम,मैत्री, समता,स्वतन्त्रता एवं न्याय बन्धुता का गौरवपूर्ण संविधान देकर इस देश के नागरिको पर बहुत बड़ा एहसान किया है जिसके लिए हर भारतीय बाबा साहेब के प्रति कृतज्ञ है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ.पी कन्नौजिया राष्ट्रीय संरक्षक ने किया तथा इस कार्यक्रम में वीरेन्द्र प्रताप संगठन सचिव, प्रमोद कुमार गौतम,विवेक कुमार रंजन,संतोष कुमार भारती, डॉ.प्रभाकर प्रसाद, जयप्रकाश बौद्ध,चन्द्रिका प्रसाद



बौद्ध, नन्दू बौद्ध, हरिशंकर भारती, नन्दू कुमार, मोहन बौद्ध, सर्वजीत मौर्या, अमृत लाल गौतम,मंजू बौद्ध, पुष्पा प्रभाकर, इन्दू,आरती बौद्ध, मीना बौद्ध इन्द्रावती बौद्ध, प्रमीर्ला बौद्ध, मंजू बौद्ध प्रदेश भर के प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## सीकरी ग्राम प्रधान ने डीएम से की मुलाकात कहा मेरे ऊपर लगे आरोप बेबुनियाद निराधार मुझे फसाने की की जा रही हैं कोशिश

प्रखर संतकबीरनगर। संत कबीर नगर जिले के खलीलाबाद विकासखंड के सीकरी गांव के ग्राम प्रधान एडवोकेट अनिल देव चौधरी किसी न किसी बात को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। आज भी ऐसा ही कुछ मामला उनके साथ हुआ है आपको बता दें कि पूरा प्रकरण विकासखंड खलीलाबाद में कार्यरत एक महिला ग्राम पंचायत अधिकारी के द्वारा ग्राम प्रधान सीकरी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। महिला ग्राम पंचायत अधिकारी पुनीता विश्वकर्मा ने अपने आरोपों में कहा है की सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करना ,सरकारी अभिलेखों से छेड़छाड़ करना तथा ऑन ड्यूटी सरकारी कर्मचारियों के साथ गंदी-गंदी बद्दी गालियां देने का आरोप लगाया गया है। ग्राम पंचायत अधिकारी के द्वारा कोतवाली खलीलाबाद में लिखित तहरीर दी गई है जिसके मुकदमा भी पंजीकृत किया गया है। वही इस पूरे प्रकरण पर ग्राम प्रधान सीकरी एडवोकेट अनिल देव चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट परिसर पर पहुंचकर जिलाधिकारी महेंद्र



सिंह तंवर से मुलाकात कर अपनी बेगुनाही पेश की ग्राम प्रधान सीकरी अनिल देव चौधरी का कहना है कि जो आप मेरे ऊपर ग्राम पंचायत अधिकारी ने लगाए हैं वह आप बबुनिया तथा निराधार है मेरे द्वारा ना ही सरकारी काम में बाधा डाल गया ना ही अभिलेख से छेड़छाड़ की गई और ना ही मैंने उनको कोई भर्ती गालियां दी, तो फिर किस बात को ले कर ग्राम पंचायत अधिकारी ने मेरे ऊपर मुकदमा पंजीकृत कराया उनका उद्देश्य और मकसद मैं नहीं जानता। आगे पत्रकारों से रूबरू होते हुए ग्राम प्रधान सीकरी एडवोकेट अनिल देव चौधरी ने कहा कि खलीलाबाद ब्लाक परिसर में मैं ही एक ग्राम प्रधान ऐसा हूं जो विकास खंड कर्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अक्सर मैं लड़ते रहता हूं। मैं चाहता हूं कमीशन खोरी बंद हो और गांव में विकास कार्य ईमानदारी के साथ किया जाए। सीकरी ग्राम प्रधान ने आगे बताया कि 3 साल बीतने को हुए मेरे ग्राम सभा के नाम से आवंटित धन ग्राम सभा के बैंक खाते में पड़ा हुआ है कोई काम नहीं हो रहा है क्योंकि मैं कमीशन दूंगा नहीं इसकी वजह से मुझे उजूल-फूजूल बातों में झूठी मनगढ़ंत कहानी रच कर फसाने का कार्य किया जा रहा है मैं निर्दोष हूं और आज मैं जिलाधिकारी कार्यालय पर अपनी बात रखने के लिए आया हूं। जिलाधिकारी से मेरी मुलाकात हुई है आश्वासन मिला है कि पूरे प्रकरण की जांच कर कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## रामजानकी मंदिर में धूमधाम से मनाया गाया श्री राम विवाह पंचमी



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रामपुर सदानंद बाजार स्थित प्रभु श्री रामजानकी मंदिर में राम विवाह पंचमी के दिन सुबह से ही उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सुबह बाबा का अभिषेक करने के बाद रामजानकी दरबार के खोले गए कपाट 10 बजे से भजन कीर्तन का कार्यक्रम आरंभ हुआ जो 12 बजे भोग आरती के बाद भक्तों में प्रसाद वितरण कर संपन्न हुआ वहीं दूसरी ओर शाम 4 बजे से 6:30 तक सुंदरकांड पाठ का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह जानकारी मंदिर महंत जगदीश दीक्षित ने दी और बताया काशी के मशहूर गायक पगलाबाबा के भजनों में भक्तों ने खूब लगाए जय श्री राम के नारे साथ ही महिला गायिका ने भी अपने भजनों की धुन पर भक्तों को खुब थिरकाया। मंदिर महंत जगदीश दीक्षित बताया ये वो दरबार हैं जहां तुलसीदास खुद आकर प्रभु श्री रामचन्द्र की पुजा अर्चना किया करते थे और धर्म सम्राट कारपात्री जी महाराज यहां आकर ध्यान लगाया करते थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गायत्री महायज्ञ में विश्व कल्याण का लिया संकल्प



प्रखर वाराणसी। अखिल विश्व गायत्री परिवार चोलापुर द्वारा आयोजित पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ माँ दुर्गा मंदिर मुरली चोलापुर के प्रांगण में विधि विधान से वैदिक मन्त्रोचार के साथ सम्पन्न हो गया। जिसमे विश्व के कल्याण का संकल्प लिया गया। यज्ञ में शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे युग प्रटषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के संदेश वाहक रविन्द्र शांस्त्री एवं उनके सहयोगीयों ने भारतीय संस्कारों जैसे नामकरण, दीक्षा, पुषवन, पौधरोपण आदि पर विशेष बल दिया। इस दौरान सैकड़ो लोगों ने संकल्पित होकर गायत्री परिवार के मूल उद्देश्यों पर चलने का संकल्प लिया। और एक साथ मिलकर यज्ञ हवन भी किया। कार्यक्रम में गंगाधर उपाध्याय (जिला समन्वय), रमेश आचार्य, विरेन्द्र सिंह, रामनिहोर शर्मा, रामजीत यादव, सावित्री सिंह की उपस्थिति रहीं।

### जिले के तेज तर्रार पुलिस कप्तान के द्वारा विकास भवन स्थित एसबीआई बैंक का किया गया औचक निरीक्षण




प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक संतकबीर नगर सत्यजीत गुप्ता के द्वारा विकास भवन के पास स्थित एसबीआई बैंक की चेकिंग कर बैंक/एटीएम में लगे सीसीटीवी, सायरन को चेक किया गया एवं सुरक्षा के प्रति बैंक में मौजूद लोगो को जागरुक किया गया तथा बैंक ड्यूटी में लगे अधिकारी/ कर्मचारीगण को बैंक व बैंक के आस पास सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा काल भैरव मन्दिर में की आरती पूजन अर्चन और राष्ट्र के लिये मंगल कामना



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उनके साथ योगी रामनाथ बाबा संतोष दास सहित अन्य गणमान्य लोगों के साथ काल भैरव मंदिर में बाबा काल भैरव का आरती पूजन अर्चन कर राष्ट्र के लिए की मंगल कामना` आज की पूजन में काल भैरव मंदिर के महंत प्रवीण दुबे, पुजारी रमेश महाराज योगी प्रकाश नाथ योगेश्वर एवं वायु वृत्त पुजारी मदन लाल दुबे ने बाबा काल भैरव का भैरव अष्टक के द्वारा पूजन संपन्न कराया सभी ने मुख्यमंत्री जी को एवं उनके साथ पधारे हुए सभी विशिष्ट जनों को बाबा का प्रसाद देकर कर उनके लिए मंगल कामना की मंदिर परिसर मैं सभी साधकों का योगी जी ने अभिवादन स्वीकार जय काल भैरव।

### द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत वाहन चालकों को नियमों के पालन हेतु किया जा रहा जागरुक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। दिनांक 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 23 तक आयोजित प्रदेश व्यापी "द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा" के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में सोमवार को यातायात पुलिस व जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न चौराहों, तिराहों पर भ्रमण कर ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा व बस चालकों आदि को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया जा रहा है। गलत दिशा में खड़े वाहनों, स्पीड, पार्किंग के विरुद्ध संपूर्ण जनपद में विशेष अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के सम्बंध में विस्तृत



जानकारी देते हुए नियमों के शत-प्रतिशत पालन हेतु जागरूक किया गया। सभी से वहां चलाते समय सीट बेल्ट तथा हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने के लिए अपील की गई। यातायात नियमों की जानकारी हेतु पम्पलेट भी वितरित किया गया। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों के माध्यम से भी वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर, नियमों के पालन हेतु अपील की जा रही है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वाचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं